रोहतक
सोमवार 16 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 40
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 32.2
न्यून. 12.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 प्रभु ने लगाई 17.05 मीटर की छलांग, जीता सिल्वर

## खबर संक्षेप

### केजरी-सिसोदिया ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख



**नई दिल्ली।** दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को केजरीवाल, सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को एक्साइज पॉलिसी केस में डिस्चार्ज (रिहा) कर दिया था। इसी दिन सीबीआई ने हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी थी। *एजेंसी*

### मशहूर एक्ट्रेस मधु मल्होत्रा का निधन




**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। *एजेंसी*

### विकिपीडिया ने पूरे किए 25 साल



**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन एनसाइक्लोपीडिया, विकिपीडिया ने 25 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर इसे चलाने वाली संस्था विकिमीडिया फाउंडेशन ने खास अभियान शुरू किया है, जिसमें विकिपीडिया की 25 साल का सफर और इसे बनाने वाले लाखों वॉलंटियर्स के योगदान को याद किया जा रहा है। विकिपीडिया से पहले जिमी वेल्स और लैरी सेंगर ने न्यूपीडिया नाम का एक प्रोजेक्ट शुरू किया था। इसमें केवल एक्सपर्ट्स ही लेख लिख सकते थे। *एजेंसी*

### प. एशिया में सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा रद्द



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पश्चिम एशिया के कुछ देशों में होने वाली कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध के मद्देनजर बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के स्कूलों के लिए निर्धारित परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की है। *एजेंसी*

### प्रियंका चोपड़ा फिर प्रेजेंट करेंगी ऑस्कर अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** 98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी 16 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होगी। भारतीय समयानुसार इसे सुबह साढ़े 4 बजे से टेलीकास्ट किया जाएगा। इस साल भारत की कोई फिल्म ऑस्कर नॉमिनेशनल हासिल नहीं कर सकी है। भारतीय मूल की फिल्ममेकर गीता गंदभीर की 2 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला है। प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंट करने वाली हैं। प्रेजेंटर बनने वालीं वो इकलौती भारतीय हैं। हॉलीवुड फिल्म सिनर ने 16 ऑस्कर नॉमिनेशन हासिल कर रिकॉर्ड बनाया है। *एजेंसी*

**भाजपा से संजय भाटिया कांग्रेस से कर्मवीर बौद्ध और निर्दलीय सतीश नांदल मैदान में**

# राज्यसभा की 2 सीटों के लिए चुनाव आज, निर्दलीय नांदल के मैदान में आने से मुकाबला हुआ दिलचस्प

**चंडीगढ़ (योगेंद्र शर्मा)।** राज्यसभा की दो सीटों के लिए सोमवार को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद संजय भाटिया को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता कर्मवीर बौद्ध मैदान में उतारा है। निर्दलीय सतीश नांदल के मैदान में उतरने के कारण मुकाबला काफी रोचक हो गया है। नांदल का भाजपा में अच्छा खासा प्रभाव है, साथ ही वे इनेलो में भी लंबे अर्से तक रहे हैं, चौटाला परिवार में संबंध और पैठ रखने वाले नांदल के मैदान में उतरने के कारण मुकाबला रोचक और दिलचस्प को गया है। भाजपा की नजर दूसरी सीट पर भी है। अब देखना यह होगा कि इतनी उठापटक का क्या नतीजा निकलता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मतदान में क्रॉस-वोटिंग हुई तो चुनाव परिणाम चौंकाने वाले भी हो सकते हैं।

**राज्यसभा चुनाव का शेड्यूल**

- **9** बजे सुबह वोटिंग
- **4** बजे शाम वोटिंग खत्म
- **5** बजे काउंटिंग



संजय भाटिया भाजपा | कर्मवीर बौद्ध कांग्रेस | सतीश नांदल निर्दलीय

कुल विधायक : **90**, जीत के लिए जरूरी वोट: करीब **31**
मतदान स्थल: हरियाणा विधानसभा, चंडीगढ़

**विधानसभा का गणित भी अहम**
हरियाणा विधानसभा में कुल 90 विधायक हैं और राज्यसभा चुनाव में जीत के लिए लगभग 31 वोटों की आवश्यकता होती है। मौजूदा संख्या बल के हिसाब से सत्ता पक्ष एक सीट को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरी सीट पर मुकाबला रोचक माना जा रहा है। छोटे दलों और निर्दलीय विधायकों की भूमिका भी इस चुनाव में अहम मानी जा रही है।

### विधायकों को एकजुट रखने की कवायद

राज्यसभा चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक दल अपने-अपने विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा ने अपने विधायकों के साथ बैठक कर मतदान प्रक्रिया और रणनीति पर चर्चा की है। कांग्रेस नेतृत्व भी अपने विधायकों के साथ लगातार संपर्क में हैं और उन्हें पार्टी लाइन के अनुसार मतदान करने के निर्देश दिए गए हैं। राजनीतिक हलकों में क्रॉस-वोटिंग की चर्चाएं भी तेज हैं, इसलिए दोनों दल सतर्कता बरत रहे हैं।

### भाजपा की सख्त हिदायत

भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी अपने विधायकों को साफ हिदायत दी गई है कि वे चंडीगढ़ में ही रहेंगे और वोटिंग समाप्त होने के बाद इजाजत लेकर ही राजधानी चंडीगढ़ से बाहर जा सकेंगे। जिन विधायकों को हिमाचल नहीं ले जाया गया है, उनकी निजी बड़ी मजबूरी के कारण हाईकमान के आदेश पर उन्हें छूट दी गई है।

### कांग्रेस विधायक वोटिंग के दिन ही लौटेंगे

चंडीगढ़/शिमला। कांग्रेस के विधायक वोटिंग के समय ही शिमला से वापस चंडीगढ़ लौटेंगे। क्रॉस वोटिंग के डर से कांग्रेस ने तीसरे दिन अपने 37 में से 31 विधायकों को शिमला से कसौली शिफ्ट किया। विधायक टेम्पो ट्रैवलर में कसौली के रमाडा होटल गए। यहां 40 कमरे बुक किए गए थे। यह चंडीगढ़ से 60 किलोमीटर दूर है। विधायक शुक्रवार को शिमला के गलू स्थित ट्विन टावर होटल में ठहरे थे। रविवार दोपहर को विधायक शिमला के छराबड़ा स्थित एक होटल में लंच करने पहुंचे। यहां हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे। यह होटल प्रियंका गांधी के फार्म हाउस से केवल 800 मीटर की दूरी पर है। पहले यह बात सामने आई थी कि विधायक आज रात को परवाणू में रुकेंगे।

# प.बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और असम में 21 दिन चुनावी दंगल

## पांच राज्यों का शेड्यूल जारी ▸▸ नतीजे चार मई को आएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में सिंगल फेज में चुनाव होंगे। तमिलनाडु में 23 अप्रैल, केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा। पांचों राज्यों का रिजल्ट 4 मई को आएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों-यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 सीटों पर चुनाव होने हैं। इन राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार पश्चिम बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे। असम में 3 और तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में सिंगल फेज में वोटिंग हुई थी। पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून में खत्म हो रहा है।

**कुल 51 दिन चलेगी प्रक्रिया, आचार संहिता लागू**

| राज्य | सीटें | फेज | वोटिंग | वोटर (करोड़) | पुरुष | महिलाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प.बंगाल | 294 | 2 | 23-29 अप्रैल | 7.0 | 3.6 | 3.4 |
| तमिलनाडु | 234 | 1 | 23 अप्रैल | 5.6 | 2.7 | 2.8 |
| असम | 126 | 1 | 9 अप्रैल | 2.4 | 1.2 | 1.2 |
| केरल | 140 | 1 | 9 अप्रैल | 2.6 | 1.3 | 1.3 |
| पुडुचेरी | 30 | 1 | 9 अप्रैल | 9.4 लाख | 4.4 | 5.0 |

**पांच राज्यों में कुल 17.4 करोड़ मतदाता**

**यहां 824 कुल सीटों पर डाले जाएंगे वोट**



**पश्चिम बंगाल : 3 बार से ममता बनर्जी ही मुख्यमंत्री** : 14 साल से सीएम ममता के सामने भाजपा मुख्य चुनौती है। 2026 के चुनाव में टीएमसी जीती तो ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगी। वे ऐसा करने वाली देश पहली महिला होंगी।

**तमिलनाडु : भाजपा-कांग्रेस 60 साल से यहां सत्ता में नहीं आ सकीं:** आजादी के बाद लगभग दो दशक तक यहां कांग्रेस की सरकार रही। 1967 के बाद से तमिलनाडु की राजनीति मुख्य रूप से एआईएडीएमके और डीएमके के बीच घूमती रही है।

**केरल : दक्षिण का इकलौता राज्य जहां लेफ्ट सत्ता में:** देश का इकलौता राज्य है, जहां आज भी लेफ्ट सत्ता में है। यहां सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चा (एलडीएफ) ने इस ट्रेंड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई।

**असम : कांग्रेस ने किया 8 पार्टियों से अलायंस** : राज्य में 10 साल से भाजपा की सरकार है। पार्टी तीसरे चुनाव की तैयारियों में जुटी है। पीएम मोदी 6 महीने में 3 बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। यहां पार्टी ने 126 सीटों में से 100+ सीटें जीतने का टारगेट रखा है।

**पुडुचेरी : सबसे कम सीटों वाली विधानसभा** : 2021 में कांग्रेस सरकार गिरने के बाद एआईएनसीआर-भाजपा गठबंधन ने सत्ता हासिल की और एन. रंगास्वामी एक बार फिर मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था जब भाजपा सत्ता में सीधे तौर पर भागीदार बनी।

**चार राज्यों में एसआईआर हुआ तमिलनाडु में सबसे ज्यादा नाम कटे**

जिन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें एसआईआर के बाद तमिलनाडु से सबसे ज्यादा वोटर्स के नाम कटे हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के दौरान राज्य में कुल 6,41,14,587 वोटर थे। करीब चार महीने चली एसआईआर में 74,07,207 लोगों के नाम हटाए गए हैं। राज्य में अब 5,67,07,380 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं पश्चिम बंगाल दूसरे नंबर पर है जहां करीब 58 लाख लोगों के नाम कटे हैं। फिर केरल में 8 लाख, असम में 2 लाख और पुडुचेरी में सबसे कम 77 हजार लोगों के नाम एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से हटाए गए।

# 10 जिलों में बारिश व ओलावृष्टि, फसलें बिछीं

हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा



**गुरुग्राम, रेवाड़ी और कैथल में गिरे ओले**

**नारनौल का तापमान सबसे कम 12.5 डिग्री पर आया**

प्रदेश में रविवार को मौसम ने करवट ली। गुरुग्राम, रेवाड़ी और कैथल में ओले गिरे। इसके साथ ही पानीपत, यमुनानगर, फरीदाबाद, हिसार, सोनीपत, पलवल और रोहतक में हल्की बूंदाबांदी हुई। नारनौल में सबसे कम 12.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गुरुग्राम में न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, पानीपत, अंबाला, पंचकूला, सिरसा में बूंदाबांदी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सिंचाई और कीटनाशकों के छिड़काव से भी बचने की सलाह दी है। वहीं बारिश, ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बिछ गई हैं जिससे नुकसान की आशंका है। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, चरखी दादरी, भिवानी, झज्जर, रोहतक, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, रेवाड़ी और गुरुग्राम सहित लगभग पूरे प्रदेश में अगले 2-3 दिनों तक गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चल रही हैं।

**आगे ऐसा रहेगा मौसम**

- **16 मार्च:** तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश जारी रहेगी, 40 किमी/घंटा से हवा चलने की संभावना है।
- **17 मार्च:** बारिश रुकने की संभावना है। प्रदेश के कई जिलों में मौसम साफ रहने की संभावना है।
- **18 से 20 मार्च:** इन दिनों में फिर हल्की बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में 3 से 5 डिग्री तक की गिरावट आएगी।

**अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग**

# यूएई में भारतीय जहाज पर तेल भरते वक्त हमला

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का रविवार को 16वां दिन रहा। भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को यूएई के 'फुजैराह ऑयल टर्मिनल' पर हमला हुआ था। इस दौरान भारतीय झंडे वाला जहाज 'जग लाड़की' वहां तेल भर रहा था। जहाज पर मौजूद सभी भारतीय स्टॉफ सुरक्षित हैं। जहाज ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल लोड किया और अब सुरक्षित रूप से भारत की ओर रवाना हो गया है। उधर, ईरान के सीनियर अधिकारी अली लरिजानी ने दावा किया है कि जेफ्री एपस्टीन से जुड़े कुछ लोग 2001 के 9/11 (वर्ल्ड ट्रेड सेंटर) जैसा हमला करवाने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका आरोप ईरान पर डालने की कोशिश की जा सकती है। ईरान ऐसे किसी आतंकी हमले का समर्थन नहीं करता और उसका अमेरिकी जनता से कोई युद्ध नहीं है। बता दें कि जेफ्री एपस्टीन एक यौन अपराधी था, जिसने 2019 में जेल में आत्महत्या कर ली थी।

**जहाज ने लगभग 80,800 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल लोड किया**

### सुप्रीम लीडर मुजतबा पूरी तरह ठीक : ईरान

ईरान ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि मुजतबा 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल हो गए थे। इसके बाद से वे कोमा में हैं और उनका एक पैर भी काटना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने भी कहा था कि मुजतबा घायल हो गए हैं। हालांकि अराघची ने इन दावों को खारिज कर दिया है।

### अमेरिका-इजराइल से वार्ता को तैयार ईरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर जंग खत्म करने की ठोस गारंटी मिलती है तो हम अमेरिका-इजराइल से बातचीत को तैयार है। किसी भी ऐसे प्रस्ताव का स्वागत किया जाएगा जिससे युद्ध खत्म हो सके। इस बीच खाड़ी देशों ने ईरान से अपने इलाकों पर हमले बंद करने की मांग की है।

### देश में गैस की आपूर्ति सामान्य : केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र सरकार देश में ईंधन की स्थिति को लेकर कहा है कि पेट्रोल, डीजल, गैस और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है और देश में इनकी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी रखा गया है।

**बुछार इलाके में ऑपरेशन जारी**

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, पाक आतंकी ढेर

**पुंछ में ऑपरेशन शेरीकलां के दौरान जवान की मौत**

**पुंछ/उरी (एजेंसी)।** कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में 'ऑपरेशन के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह कार्रवाई तब हुई जब भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा यानी एलओसी के पास कुछ हलचल देखी। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन चलाया। 14-15 मार्च की रात बुछार इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें आतंकी मारा गया। सेना ने आतंकी के पास से हथियार बरामद किए हैं, जिसमें एक एके राइफल, पिस्तौल और गोला-बारूद शामिल हैं। ऑपरेशन फिलहाल जारी है। वहीं, शनिवार को पुंछ में जारी 'ऑपरेशन शेरीकलां' के तहत एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) शहीद हो गया।

**शेल कंपनियों में ट्रांसफर करवाया**

## 590 करोड़ के बैंक घोटाले में 2 अफसर गिरफ्तार

**बैंक कर्मियों के साथ मिलकर साजिश रची**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के सरकारी विभागों के खातों में हुए आईडीएफसी बैंक के 590 करोड़ घोटाले में दो अफसरों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने बैंक फ्रॉड की बैंक कर्मियों साथ साजिश रची थी। दोनों को कोर्ट में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। एसीबी की टीम ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के कार्यालय में तैनात राजेश सांगवान तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद में तैनात रणधीर सिंह को गिरफ्तार किया है।दोनों ने ही अपराध में सक्रिय रूप से भाग लिया और रिश्वत के रूप में बड़ी रकम पाई। दरअसल, दोनों ने बैंक मैनेजर को पहले तो विभागों का पैसा एफडी में निवेश करने की इजाजत दी। फिर रकम को एफडी में जमा करने के बजाय शेल कंपनियों में डायवर्ट कर दिया।

**सीईओ ने की कार्रवाई**

## मजदूरों की केवाईसी न करने पर पांच ग्राम सचिव सस्पेंड

**सिस्टम के तहत मजदूरों की केवाईसी करना अनिवार्य**

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** मनरेगा योजना में ड्यूटी में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। मनरेगा मजदूरों की केवाईसी समय पर नहीं करने के मामले में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुरेश रावीश ने जिले के पांच ग्राम सचिवों को निलंबित कर दिया है। इनमें अंकित, अजय, विनोद, विनोद कुमार और दिनेश के नाम शामिल हैं। मनरेगा मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत मजदूरों की केवाईसी करना अनिवार्य है, ताकि फर्जीवाड़े की संभावना खत्म हो सके। निलंबित किए गए ग्राम सचिवों में कैथल ब्लॉक के दो, ढांड ब्लॉक के दो और कलायत ब्लॉक का एक ग्राम सचिव शामिल हैं।

**'शिवालिक' व 'नंदादेवी' को चला रहे, दो जहाजों में लदी 92,700 टन एलपीजी**

# होर्मुज पार कर एलपीजी लेकर भारत आ रहे फतेहाबाद के दो युवा कप्तान

**कृष्ण मुख्य अधिकारी और अनिल सेकेंड अधिकारी के पद पर तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

देश में एलपीजी आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के प्रयासों के बीच हरियाणा के फतेहाबाद जिले के दो युवकों का भी महत्वपूर्ण योगदान सामने आया है। जिले के गांव कुम्हारिया और सरवरपुर के दो युवक मर्चेंट नेवी में अधिकारी के रूप में तैनात हैं और वे उन भारतीय जहाजों का हिस्सा हैं जो खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। गांव कुम्हारिया निवासी कृष्ण कुमार मुख्य अधिकारी और गांव सरवपुर निवासी अनिल सेकेंड अधिकारी के पद पर तैनात है। मिली जानकारी के अनुसार, युद्ध प्रभावित होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय ध्वज वाले दो जहाज शिवालिक और नंदा देवी शनिवार सुबह सुरक्षित गुजर गए। इन जहाजों में कुल 92,700 टन एलपीजी लदी हुई है। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के अनुसार ये दोनों जहाज अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं और इनके 16-17 मार्च तक भारत पहुंचने की संभावना है। इन जहाजों में फतेहाबाद जिले के दो युवक भी अधिकारी के रूप में तैनात हैं। मर्चेंट नेवी में तैनात अनिल के भाई सुनील ने बताया कि दोनों जहाज पिछले माह 25 फरवरी को कतर में एलपीजी गैस लेने के लिए गए थे। लेकिन इस बीच युद्ध शुरू होने के चलते फंस गए।



**फतेहाबाद।** जहाजों पर तैनात फतेहाबाद जिले के दो युवा।

### गांव कुम्हारिया और सरवरपुर निवासी

गांव कुम्हारिया के युवक कृष्ण गोदारा मर्चेंट नेवी में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वहीं गांव सरवरपुर निवासी अनिल भांबू भी मर्चेंट नेवी में सेकेंड अधिकारी हैं और शिवालिक में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी किनारे पर 24 भारतीय जहाज फंस गए थे। इनमें से दो जहाज अब सुरक्षित निकलकर रवाना हो चुके हैं। फारस की खाड़ी में 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज कतार में हैं, जिन पर 611 नाविक सवार हैं।

### व्हाट्सएप कॉल से संपर्क में

सेकेंड ऑफिसर अनिल भांभू के भाई सुनील ने बताया कि अनिल 30 साल का है। करीब आठ साले पहले मर्चेंट नेवी में तैनात हुआ था। परिवार में पिता कृष्ण कुमार, माता सुशीला, भाभी उषा, भतीजा कुशांत है। परिवार को शुरू में चिंता हुई लेकिन अब गर्व है कि बेटा देश के लिए काम कर रहा है। व्हाट्सएप कॉल के जरिए बेटे के संपर्क में भी है। वहीं, सेकेंड ऑफिसर अनिल कुमार ने बातचीत में बताया कि जहाज के सुरक्षित पहुंचने में भारत सरकार और भारतीय नेवी, शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया का काफी सहयोग रहा है।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा ने क्षेत्रीय कौशल स्पर्धा में 33 पदक जीते

**चंडीगढ़।** हरियाणा के प्रतिभाशाली युवाओं ने एक बार फिर अपनी दक्षता और कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए आगरा के बीएसएनएल ग्राउंड में आयोजित क्षेत्रीय कौशल प्रतियोगिता में 33 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 8 स्वर्ण, 13 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। समापन समारोह के अवसर पर केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने हरियाणा के प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

### एलटीसी सुविधा बंद करने से कर्मियों में रोष

**चंडीगढ़।** सरकार द्वारा राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलने वाली एलटीसी सुविधा को समाप्त करने के निर्णय का बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन ने इसे कर्मचारियों के हितों के खिलाफ और मनोबल तोड़ने वाला निर्णय बताया है।एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला, महासचिव सहदेव आर्य एवं प्रवक्ता संदीप कुंडू ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि एलटीसी सुविधा कर्मचारियों के लिए केवल आर्थिक लाभ नहीं बल्कि मानसिक और पारिवारिक राहत का एक महत्वपूर्ण माध्यम रही है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में लगातार कठिन हालात में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### मृत बहन के बच्चे गोद लिए
### ऑस्ट्रेलिया ले जाने की हाईकोर्ट से गुहार

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपनी दिवंगत बहन के दो बच्चों को ऑस्ट्रेलिया ले जाने के लिए कुरुक्षेत्र निवासी महिला ने केंद्रीय दत्तक संसाधन प्राधिकरण से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी)-कम-सपोर्ट लेटर जारी कराने के निर्देश देने की मांग की है। हाईकोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को मामले में निर्देश प्राप्त करने के लिए समय देते हुए सुनवाई 30 मार्च तक स्थगित कर दी है।
याचिका दाखिल करते हुए सीनियर एडवोकेट विकास चतरथ के माध्यम से हाईकोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता की बहन का 18 सितंबर 2016 को निधन हो गया था। उनके पीछे दो बच्चे रह गए थे। इसके बाद याचिकाकर्ता ने दोनों बच्चों को विधिवत पंजीकृत दत्तक पत्र (एडॉप्शन डीड) के माध्यम से गोद ले लिया। अब वह दोनों बच्चों को अपने साथ ऑस्ट्रेलिया ले जाना चाहता है। याचिकाकर्ता के अनुसार, इसके लिए उसे केंद्रीय दत्तक संसाधन प्राधिकरण से एनओसी-कम-सपोर्ट लेटर की आवश्यकता बताई जा रही है। हालांकि हाईकोर्ट के पूर्व फैसले जैस्मिन कौर बनाम भारत संघ में कहा गया था कि यदि गोद लेने वाला व्यक्ति भारत का नागरिक और निवासी है तो ऐसी स्थिति में एनओसी की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन आस्ट्रेलिया में जरूरी दस्तावेज मांगे जा रहे है।

## किलोई में चौथे ऑल इंडिया शिव कुमार मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में पूर्व वित्तमंत्री ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

# बुजुर्गों ने 50 साल पहले खेल परंपरा की शुरुआत कर युवाओं का भविष्य संवारा : कैप्टन अभिमन्यु

■ पूर्व वित्तमंत्री ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया, बास्केटबॉल अकादमी को दिए दो लाख ■ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि किलोई गांव के बुजुर्गों ने लगभग 50 साल पहले जिस खेल परंपरा की शुरुआत की थी, वह आज भी पूरे उत्साह के साथ जारी है। उन्होंने कहा कि उस समय गांव के बुजुर्ग गली-गली जाकर बच्चों को खेल के मैदान में आने के लिए प्रेरित करते थे] ताकि युवा पीढ़ी गलत रास्तों से दूर रहकर खेल और शिक्षा की ओर बढ़े। वे रविवार को गांव किलोई में आयोजित चौथी ऑल इंडिया शिव कुमार मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित जनों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बास्केटबॉल अकादमी को दो लाख रुपये देने का भी ऐलान किया।

■ गांव से निकले खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई

उन्होंने कहा कि यह मैदान केवल खेल का केंद्र नहीं बल्कि युवाओं के चरित्र निर्माण और भविष्य को संवारने का माध्यम भी बना है। यहां से निकले कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई और सरकारी नौकरियों में भी स्थान प्राप्त किया। उन्होंने आयोजकों और खिलाड़ियों को इस शानदार आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में यह टूर्नामेंट और बड़े स्तर पर आयोजित होगा। उन्होंने कहा आज हिंदुस्तान की शायद ही कोई ऐसी बास्केटबॉल टीम होगी, जिसमें इस स्टेडियम से निकला हुआ खिलाड़ी शामिल न हो। उनके साथ रोहतक के मेयर रामअवतार वाल्मीकि भी मौजूद रहे। इससे पहले पूर्व वित्त मंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचने पर बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।





### एयरफोर्स ने नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे को फाइनल में हराकर प्रतियोगिता जीती

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एयरफोर्स और नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के बीच खेला गया, जिसमें मुकाबला एयरफोर्स ने जीता। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और दमदार खेल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शक भी उत्साहित नजर आए। अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की भारी भीड़ ने आयोजन को खास बना दिया। टूर्नामेंट में देशभर से एक दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें इनकम टैक्स, सीआईएसएफ, एसबीआई, एयरफोर्स, नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सिविल सर्विस व अन्य प्रतिष्ठित टीमें शामिल रहीं।

## प्रहरी योजना का दायरा बढ़ाया
### वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1000 स्वयंसेवक नियुक्त होंगे


# बुजुर्गों की देखभाल करेगी सरकार, नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सूबे में अकेले रहने वाले बुजुर्गों की सहायता के लिए प्रहरी योजना का दायरा बढ़ाने की तैयारी है। हरियाणा प्रदेश की नायब सैनी सरकार ने बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक हजार समाजसेवियों और स्वयंसेवकों को नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

प्रशिक्षण के बाद नियमित अंतराल पर बुजुर्गों के यहां घरों में जाकर कुशलक्षेम पूछेंगे और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएंगे। जरूरत पड़ने पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी इनकी होगी। हरियाणा की यह पहल सभी राज्यों के लिए नजीर बन सकती है। इस संबंध में बजट में भी प्रावधान रख दिया गया है। वर्ष 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल (वर्तमान में केंद्रीय मंत्री) ने 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए प्रहरी योजना का खाका तैयार किया था। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस योजना को विस्तार देते हुए बजट में भी प्रविधान कर दिया है।

योजना को विस्तार देते हुए समाज कल्याण विभाग सभी जिलों में वरिष्ठ नागरिक कल्याण क्लब भी स्थापित करेगा, जहां बुजुर्गों को सामाजिक गतिविधियों और संवाद के लिए मंच उपलब्ध कराया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान और सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 14567 पहले से संचालित है, जिससे वे अपनी शिकायत या अनुरोध दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा अस्पतालों में सीनियर सिटीजन कार्नर बनाए गए हैं, जिनमें पर्चा बनवाने से लेकर दवाइयां दिलाने तक का काम किया जाता है। बुजुर्गों को अन्य सुविधाएं भी देने की तैयारी है।



एआई जनरेटेड फोटो

### ओल्ड एज होम के साथ डे-केयर सेंटर की मिलेगी सुविधा

बुजुर्गों की देखभाल के लिए सभी शहरों में सेवा आश्रम, ओल्ड एज होम और डे-केयर सेंटर स्थापित करने पर काम शुरू हो गया है। रेवाड़ी और करनाल में वरिष्ठ नागरिक सेवा आश्रम३ खोले जा चुके हैं, जबकि 14 अन्य जिलों में भूमि चिह्नित कर ली गई है। इसके अलावा रेडक्रास सोसायटी द्वारा पानीपत, अंबाला व पंचकूला में ओल्ड एज होम चलाए जा रहे हैं। पंचकूला में श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड द्वारा भी ओल्ड एज होम चलाया जा रहा है।

### 80 वर्ष से अधिक उम्र के सवा तीन लाख बुजुर्ग 3500 अकेले रह रहे

परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के डाटा के मुताबिक, प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के सवा तीन लाख से अधिक बुजुर्ग हैं। इनमें साढ़े तीन हजार बुजुर्ग अकेले रह रहे हैं। इन बुजुर्गों की कुशलक्षेम जानने के लिए देखभाल कार्यकर्ता नियमित रूप से उनसे मिलेंगे। यदि किसी बुजुर्ग को चिकित्सा सहायता, संपत्ति की सुरक्षा अथवा किसी अन्य मदद की जरूरत होगी तो संबंधित विभाग के माध्यम से उनकी मदद की जाएगी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी को भी मिलेगा सेवा का मौका

सेवानिवृत्त कर्मचारी को भी मिलेगा सेवा का मौका प्रदेश के भिवानी, गुरुग्राम, हिसार, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, पंचकूला, रोहतक, रेवाड़ी, सिरसा, यमुनानगर, झज्जर और बहादुरगढ़ में 14 डे-केयर सेंटर कार्यरत हैं। यदि कोई सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी प्रहरी योजना से जुड़ना चाहता है तो उसे भी बुजुर्गों की सेवा करने का मौका दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

# वसंत उत्सव गुलजार, लोगों को लुभा रहा कैक्टस गार्डन





**चंडीगढ़।** शिवालिक पर्वत श्रृंखला की तलहटी में बसा पंचकूला शहर कई मायनों में विशेष महत्व रखता है। पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) द्वारा पहली बार आयोजित तीन दिवसीय वसंत उत्सव ने शहर को एक नई पहचान दी है। कैक्टस गार्डन लोगों को लुभा रहा है। पीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. मकरंद पांडुरंग के विजन के अनुरूप 37 वर्षों बाद पहली बार इस तीन दिवसीय वसंत उत्सव का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले की तर्ज पर किया गया। इस उत्सव में स्कूली बच्चों, रंगमंच कलाकारों, प्रकृति प्रेमियों और गार्डनिंग में रुचि रखने वाले ट्राईसिटी के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जो देखने लायक थी। मुख्यमंत्री ने मेले का शुभारंभ किया था।

# विस बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



आखिरकार हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र एक ब्रेक के बाद फिर से शुरु हो रहा है। खास बात यह है कि सोमवार को गहमागहमी और सियासी हलचल तेज रहेगी क्योंकि इसी दिन हरियाणा के माननीयों को दो राज्यसभा की सीटों का भाग्य भी लिखना है। अब तक राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर आमने-सामने होने के बाद एक बार फिर से सत्र में विधायक अपने क्षेत्र के मामले उठाएंगे। एक ओर बजट पर चर्चा के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस की संभावना है, वहीं दूसरी ओर राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपने-अपने विधायकों को साधने में जुटे हुए हैं। सरकार की नीतियों पर चर्चा और चिंतन मंथन सत्र के दूसरे चरण में राज्य सरकार द्वारा पेश किए बजट पर विस्तृत चर्चा होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार विकास योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रावधानों को सदन में रखेगी। दूसरी तरफ कांग्रेस की ओर से तैयारी की जा रही है ताकि अंतिम दिनों में भी सत्तापक्ष पर हमले का कोई मौका नहीं छोड़ा जाए।

## प्रदेश की 2157 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित : डॉ. मिश्रा

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा ने टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। वर्ष 2025 में राज्य की 2,157 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया है, जो राज्य की कुल 6,237 पंचायतों का लगभग 35 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायत पहल की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व टीबी दिवस (24 मार्च 2023) को वाराणसी से की गई थी। इस पहल का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को क्षय रोग से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से समझने, उसके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने और पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ-साथ टीबी उन्मूलन में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना है।



## कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। ''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती संतोष, श्री अमन, श्री आजाद मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10795070) | झिमरान/चाकला मोहल्ला वार्ड नं. 6, सफीदों, तहसील सफीदों, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126112 में स्थित प्रोपर्टी आईडी 7Z1KFMR4 वाली लाल डोरा में निहित सम्पत्ति आवासीय भूमि/प्लॉट के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 486.00, 400.00, 320.00. | रु. 574313/- (रुपये पांच लाख चोहत्तर हजार तीन सौ तेरह केवल) | 15/09/2025 | 10/03/2026 |
| श्रीमती सरोज देवी, श्री गुलाब सिंह, सरोज मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10656917) | प्लॉट/मकान एलजीडी आईडी 600810209 यूआईडी नं. 60081SS1M2S30R0209A, गांव बिघाना, तहसील अलेवा, जीन्द, हरियाणा-126102 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 522.00, 800.00. | रु. 348509/- (रुपये तीन लाख अड़तालीस हजार पांच सौ नौ केवल) | 03/11/2025 | 10/03/2026 |
| श्री वेद प्रकाश, श्रीमती संतोष देवी, इलैक्ट्रिशियन (प्रोस्पैक्ट नं. IL10794362) | गांव रिसालवा यूथी तह. बल्लाह जिला करनाल, हरियाणा भारत 132046 में स्थित एलजीडी आईडी नं. 593420023 सहित सम्पत्ति/मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 553.00, 434.00, 347.00 | रु. 440615/- (रुपये चार लाख चालीस हजार छह सौ पन्द्रह केवल) | 15/09/2025 | 10/03/2026 |
| श्री गुरचरण सिंह श्री सुखा सिंह, श्रीमती बेबी रानी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10760058) | प्लॉट/मकान एलजीडी आईडी नं. 593220275, गांव खेड़ीसराफली, असंध, करनाल, हरियाणा-132039 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1276.00, 900.00. | रु. 333266/- (रुपये तीन लाख तैंतीस हजार दो सौ छियासठ केवल) | 03/11/2025 | 10/03/2026 |
| श्री मदन लाल, श्रीमती परमजीत कौर, मदन पलम्बर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10679872) | गांव चोचड़ा, तहसील असंध, जिला करनाल, भारत 132039 में स्थित लाल डोरा वाली यूआईडी नं. 59313S3W3M3RR08098 और ऑनलाइन नं. :- 59313S1N1S1M1RR0809 में स्थित के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 888.00, 1439.00, 1151.00 | रु. 523490/- (रुपये पांच लाख तेईस हजार चार सौ नब्बे केवल) | 11/09/2025 | 10/03/2026 |
| श्री सुनील कुमार श्रीमती गंगा देवी, श्रीमती रामकली (प्रोस्पैक्ट नं. IL10513427) | खेवट नं. 32 खाता नं. 38 और खेवट नं. 33 खाता नं. 39 से 48, जुलाना, जीन्द, हरियाणा-126116 में सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1125.00, 907.00 | रु. 626682/- (रुपये छह लाख छब्बीस हजार छह सौ बयासी केवल) | 22/10/2025 | 10/03/2026 |
| श्री करण सिंह श्रीमती भतेरी देवी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10627907) | खेवट नं. 144 खाता नं. 210 मुरब्बा नं. 150 किल्ला नं. 4/2/14, जुलाना, जीन्द, हरियाणा-126101 में सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 472.00, 463.00 | रु. 550550/- (रुपये पांच लाख पचास हजार पांच सौ पचास केवल) | 24/10/2025 | 10/03/2026 |
| श्री राजेश श्रीमती तपासी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10557527) | खेवट नं. 787, खाता नं. 1016, म्यू. नं. 150, किल्ला नं. 18, गांव जुलाना, तहसील जुलाना, जिला जीन्द, हरियाणा-126101 में सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 468.00, 426.00 | रु. 227065/- (रुपये दो लाख सताईस हजार पैंसठ केवल) | 03/11/2025 | 10/03/2026 |
| श्री राजेश, श्रीमती मुनेश, जनरल स्टोर्स, किरयाना स्टोर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10452838) | गांव गांधरा, तहसील सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा, भारत-124001 में स्थित किल्ला नं. 131/2/4/31(0-3) में निहित खेवट नं. 951, खतौनी नं. 1064 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_ Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 405.00, 405.00, 324.00 | रु. 734197/- (रुपये सात लाख चौंतीस हजार एक सौ सतानवे केवल) | 16/10/2025 | 10/03/2026 |
| श्री रामकरण ग्लैम-जोन हेयर सैलून, श्री नायब सिंह, श्रीमती सुखविन्दर कौर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10660906) | प्लॉट/मकान यूआईडी नं. 583530RAT00001H0270A, गांव रत्तनगढ़, शाहाबाद, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_ Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 594.00, 594.00 | रु. 554280/- (रुपये पांच लाख चव्वन हजार दो सौ अस्सी केवल) | 24/10/2025 | 10/03/2026 |
| श्री अनिल शर्मा अनिल शर्मा मिल्क डेयरी, श्रीमती ममतेश (प्रोस्पैक्ट नं. IL10587605) | गांव अमिन तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136038 के लाल डोरा में स्थित यूआईडी नं. 584840S00MOS10RL1319A सहित प्लॉट/मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built _Up_Area, Carpet_Area,, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1036.00, 975.00, 780.00 | रु. 689106/- (रुपये छह लाख नवासी हजार एक सौ छह केवल) | 22/04/2025 | 10/03/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एसकरनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 16.03.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


## सात दशक बाद होगी अमावस्या पर कलश स्थापना, घर में आएगी सुख समृद्धि

# चैत्र नवरात्र 19 से, शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग भी बन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


चैत्र नवरात्र इस बार 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक मनाई चलेगा। वैदिक विद्वानों की मानें तो करीब सात दशक साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है जब अमावस्या तिथि में कलश स्थापना होगी। 19 मार्च को शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग भी बन रहा है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। कलश स्थापना के लिए सुबह 6:02 से 8:40 बजे और 9:16 से 10:56 बजे तक का समय श्रेष्ठ बताया गया है। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि बेहद शुभ है। क्योंकि सालों बाद ऐसा मौका है, जब प्रतिपदा नहीं बल्कि अमावस्या तिथि में हर घर कलश स्थापना कर देवी की आराधना शुरू की जाएगी। इस बार नवरात्रि के पहले दिन ग्रह नक्षत्रों का तीन और शुभ संयोग भी बन रहा है। 19 मार्च को शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि योग का ही महासंयोग हैं। ये तीनों ही योग बहुत शुभ कारी माने जाते हैं।

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर हो रही है और इसका समापन 20 मार्च को तडक़े 4 बजकर 50 मिनट पर होगा। 19 मार्च को सूर्योदय अमावस्या तिथि में ही होगी। लिहाजा पूरे दिन अमावस्या तिथि का ही मान्य होगा। करीब 72 साल बाद ऐसा हो रहा है जब अमावस्या तिथि में कलश स्थापना होगी और शक्ति उपासना के महापर्व योग्य आगाज होगा। इन नौ दिनों में भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। नवरात्रि की शुरुआत घटस्थापना (कलश स्थापना) से होती है, जिसे देवी शक्ति के आह्वान का प्रतीक माना जाता है।

### माता के 9 रूपों की होगी पूजा

19 मार्च, गुरुवारः अमावस्या प्रतिपदा घटस्थापना, शेलपुत्री पूजा
20 मार्च, शुक्रवारः द्वितीया ब्रह्मचारिणी पूजन।
21 मार्च, शनिवारः तृतीया चंद्रघंटा पूजन।
22 मार्च, रविवारः चतुर्थी कृष्माण्डा पूजन।
23 मार्च सोमवारः पंचमी स्कंदमाता पूजन।
24 मार्च, मंगलवारः षष्ठी कात्यायनी पूजन।
25 मार्च, बुधवारः सप्तमी कालरात्रि पूजन।
26 मार्च, गुरुवारः अष्टमी महागौरी पूजन।
27 मार्च, शुक्रवारः नवमी मां सिद्धिदात्री पूजन।

## चैत्र नवरात्र में प्रकृति में नया जीवन शुरू होता है



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार चैत्र नवरात्र को बसंत नवरात्रि भी कहा जाता है। यह वह समय होता है जब प्रकृति में नया जीवन शुरू होता है। पेड़ों में नई कोपलें निकलती है और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। धार्मिक मान्यता है कि इन नौ दिनों में देवी शक्ति पृथ्वी लोक पर विशेष रूप से सक्रिय रहती हैं और भक्तों की प्रार्थना शीघ्र फल देती है। नवरात्र की शुरुआत कलश स्थापना से होती है, कलश को देवी शक्ति का प्रतीक माना जाता है और इसके माध्यम से देवी का आह्वान किया जाता है।

### ये रहेगा शुभ मुहूर्त

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार 19 मार्च को घटस्थापना के सूर्योदय सुबह 06:26 पर होगा। प्रातः काल मुहूर्तः सुबह 06:52 से सुबह 08:26 तक का समय श्रेष्ठ। अभिजीत मुहूर्तः दोपहर 12:05 से 12:53 के बीच कलश स्थापित कर सकते हैं। अष्टमी 26 मार्च और रामनवमी 27 मार्च को मनाई जाएगी।

## खबर संक्षेप



### जींद में चलती रोडवेज बस में लगी आग

**जींद।** जींद जा रही कैथल डिपो की रोडवेज बस में शनिवार देर शाम को नगूरां सरस्वती पब्लिक स्कूल के पास शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि आग लगने से जान माल का नुकसान होने से बच गया। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार देर शाम को कैथल डिपो की रोडवेज बस जींद की तरफ जा रही थी कि नगूरां सरस्वती पब्लिक स्कूल के समीप अचानक शार्ट सर्किट होने से आग लगी देख चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को रोक दिया। सभी ने मिलकर आग को पानी की मदद से बुझाया।

### अमेरिका में कहासुनी ढाठरथ में किया फायर

**जींद।** गांव ढाठरथ में फायरिंग कर दहशत फैलाने तथा धमकी देने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, धमकी देने, दहशत फैलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढाठरथ निवासी शीशपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कुछ लोगों की मौजूदगी में अपने प्लाट की निशानदेही करवा रहा था। उसी दौरान गांव का ही अमन बाइक पर सवार होकर आया और गाली गलौज करते हुए हवाई फायर किया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा विरोध करने पर आरोपित धमकी देने हुए फरार हो गया। शीशपाल ने पुलिस को बताया कि आरोपित अमन का बड़ा भाई साहिल अमेरिका गया हुआ है। उसका भी बड़ा भाई सुरेंद्र काफी समय से अमेरिका में रह रहा है। किसी बात को लेकर दोनों की फोन पर अमेरिका में कहासुनी हो गई। जिसके बाद से अमन उसे लगातार परेशान करता आ रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय सभा का समापन, संगठन का होगा विकेंद्रीयकरण

# आरएसएस में अब 46 प्रांत इकाइयों की जगह 80 संभाग बनाकर होगा काम

■ नेपाल व बांग्लादेश में शांति-स्थिरता और उनका भारत के साथ अच्छा संबंध पूरे एशिया के विकास व सुरक्षा के लिए अहम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ समालखा

पानीपत के गांव पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि साधना केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चल रही अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के समापन पर रविवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। होसबाले ने कहा कि संगठन संरचना में विकेन्द्रीकरण पर विचार हुआ है, जिसमें प्रांत के स्थान पर छोटी इकाई संभाग बनाने का प्रस्ताव है। इसके लागू होने पर 46 प्रांत के स्थान पर 80 से अधिक संभाग होंगे।

उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के बीच ईरान को लेकर भारत सरकार का स्टैंड सही है। वहीं, पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंध अच्छे रहे, इसका संघ समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश व नेपाल में सामाजिक और राजनीतिक बलदाव के बाद नई सरकारों का गठन हुआ है। वहीं, नेपाल व बांग्लादेश में शांति-स्थिरता और उनका भारत के साथ अच्छा संबंध पूरे एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए अहम है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जुल्मों पर चिंता व्यक्त करते हुए हिंदुओं को सुरक्षित माहौल दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीयता व हिंदुत्व मानसिकता नहीं बल्कि जीवन को सशक्त तरीके से जीने की शैली है। उन्होंने संघ के स्वरूप में बदलाव होने पर उसकी घोषणा करने, बदलाव संबंधी कई मामलों को सार्वजनिक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि संघ में किसी भी धर्म को मानने वाले नागरिक का स्वागत है, वह भगवा झंडे को प्रणाम कर सकता है। वहीं, इस्लाम धर्म को मानने वाले कार्यकर्ताओं की संघ में अच्छी खासी संख्या है। उन्होंने संघ में महिलाओं की भूमिका पर कहा कि सिर्फ शाखा की वर्किंग में महिलाएं शामिल नहीं होतीं, जबकि संघ की अन्य और भी कार्यप्रणाली है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भागेदारी करती हैं। उन्होंने बेसहारा गोवंश पर कहा कि गोवंश को सुरक्षित माहौल देने पर सरकार और नगर निगम लगातार प्रयास कर रहे हैं। वहीं नागरिकों को भी गाय की महत्ता को समझना चाहिए। गाय के दूध के साथ उनका मूत्र व गोबर आदि भी मानवहितकारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे गाय की महत्ता को समझते हुए गाय को सड़कों पर बेसहारा न छोड़ें।

### हम सबके पूर्वज एक हैं, भारतीयता को जीने वाले सभी हिंदू : दत्तात्रेय




दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने किसी समुदाय और पंथ-पूजा पद्धति के विरोध के लिए संघ की स्थापना नहीं की। संघ के दूसरे सरसंघचालक श्री गुरुजी ने भी कहा कि हम सबके पूर्वज एक हैं और पूजा-पाठ की पद्धति की भिन्नता से कोई अंतर नहीं आता, इसमें डीएनए शब्द नहीं था किंतु अभिप्राय यही था। तीसरे सरसंघचालक बालासाहब देवरस ने भी कहा कि भारत को अपनी मातृभूमि व अपना राष्ट्र मानने वाले और भारतीयता को जीने वाले सभी हिंदू हैं। संघ में सबका स्वागत है, जो भी समाज के लिए अच्छा कार्य कर रहा है हम उसको संघ का स्वयंसेवक ही मानते हैं।

### संत रविदास का प्राकट्य वर्ष मनाएंगे

सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि पिछले वर्ष में संगठन कार्य का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। संघ की शाखाएं छह हजार और बढ़कर 88 हजार से अधिक हो गई हैं। अंडमान, अरुणाचल प्रदेश, लेह और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में भी संघ की शाखाएं संचालित हो रही हैं। सरकार्यवाह दत्तात्रेय ने कहा कि समाज में महापुरुषों के कार्यों को जाति व पंथ के भेद से ऊपर उठकर स्वीकार करना चाहिए। संघ के स्वयंसेवकों ने इसी दिशा में नवम गुरु श्री तेग बहादुर के बलिदान के 350 वें वर्ष के अवसर पर देशभर में 2 हजार से अधिक कार्यक्रम किए, जिनमें सात लाख से अधिक लोग सम्मिलित हुए। इसी प्रकार राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150 वर्षगांठ भी उत्साहपूर्वक मनाई गई। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के 650 वें प्राकट्य वर्ष पर कार्यक्रमों की योजना बनी है।

### हरित घर का संकल्प लें

दत्तात्रेय ने बताया कि 11 क्षेत्र के वर्ग तथा एक नागपुर के वर्ग को मिलाकर कुल 96 प्रशिक्षण वर्ग संचालित किए जाएंगे। इस प्रतिनिधि सभा में गो सेवा और ग्राम विकास की भी योजनाओं पर विचार किया गया है। नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा कि वे घर की छत पर सब्जी गार्डन बनाएं उसमें देसी गोबर और गोमूत्र की खाद का उपयोग करें, जिससे गोसंवर्धन में सभी सहयोग कर सकते हैं। इसी तरह हरित घर बनाने का भी संकल्प नागरिक ले सकते हैं जिससे घर में पॉलीथिन न्यूनतम उपयोग व जल संरक्षण आदि प्रयास किए जा सकते हैं।

आरडीएक्स के साथ पकड़े 3 आरोपी 7 दिन के रिमांड पर भेजे

# आतंकियों के निशाने पर थे 5 राज्य अंबाला के एक नेता को उड़ाना था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

गांव सिंबला के पास से 1 किलो 975 ग्राम आरडीएक्स, आईईडी, डेटोनेटर और बैट्री बरामद होने के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। आरोपियों के निशाने पर पांच राज्यों के कई महत्वपूर्ण ठिकाने थे। इनमें खास बात यह है कि अंबाला में भी एक वरिष्ठ नेता के घर पर धमाके की योजना थी। पुलिस ने अदालत को पूरे मामले की जानकारी दी। अदालत ने तीनों आरोपियों को आगे की पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों ने बताया कि यह आरडीएक्स पाकिस्तान में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी के जरिए अमृतसर में मुहैया कराया गया था। ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान से पंजाब पहुंचाया गया था। आरोपियों ने शहजाद भट्टी के कहने पर पंजाब के कई जिलों के थानों के अलावा राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़ और हरियाणा के अंबाला में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों की रेकी की थी। इन जगहों के वीडियो बनाकर पाकिस्तान भेजे गए थे ताकि संभावित टारगेट चुना जा सके। गिरफ्तार तीन आरोपियों में से एक अली अकबर निवासी अजमेर है। पूछताछ में सामने आया कि आतंकियों की पहली साजिश राजस्थान के हनुमानगढ़ में बम विस्फोट करने की थी। वहां आईईडी तो पहुंचा दी गई थी, लेकिन आरडीएक्स नहीं पहुंच पाया, जिससे उनकी योजना विफल हो गई। इसके बाद करीब एक सप्ताह तक आरोपियों से हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों की रेकी कर वीडियो भिजवाए गए ताकि नया टारगेट तय किया जा सके।

### ये क्षेत्र थे निशाने पर



पाकिस्तानी गैंगस्टर व आतंकी शहजाद भट्टी के लिए काम कर रहे जंगबीर ने पुलिस पूछताछ में कई अहम खुलासे किए हैं। आरोपियों ने बताया कि राजस्थान का हनुमानगढ़, हरियाणा के अंबाला छावनी का तोपखाना क्षेत्र, एक बड़े नेता का घर और मुलाना में माता बाला सुंदरी का मंदिर। पंजाब के सदर थाना भठिंडा, मुक्तसर का एक थाना, फिजिल्का के तीन थानें, फरीदकोट का थाना, लुधियाना की एक मार्केट, मालेरकोटला और पठानकोट सैन्य क्षेत्र। चंडीगढ़ के सेक्टर-17 थाना। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दरगाह का जिक्र किया था।

## टटीरी विवाद : बादशाह को बाल अधिकार संरक्षण आयोग का भी नोटिस, निर्देशक से जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



विवादित टटीरी गाने को लेकर बॉलीवुड सिंगर आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया उर्फ बादशाह के साथ-साथ अब इस गाने से जुड़े निर्देशकों आदि की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। हरियाणा महिला आयोग के बाद अब हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कार्रवाई की है। आयोग ने बादशाह के साथ टटीरी गाने के वीडियो निर्देशक माही संधू व जोबन संधू, प्रोडक्शन हाउस बटुगेदरप्रोस और सीईओ आलाप गोशर को भी नोटिस भेज कर सात दिन में जवाब तलब किया है। हरियाणा महिला आयोग ने बादशाह की गिरफ्तारी व पोसपोर्ट जब्त करने की सिफारिश पुलिस को की हुई है। वहीं, बादशाह अभी आयोग के सामने नहीं आया है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने माना कि टटीरी गाने के वीडियो में छात्राओं को गलत तरीके से पेश किया गया है और यह गीत छात्राओं को शिक्षा छोड़ने के लिए उकसाता है। स्मरणीय है कि टटीरी गाने के बोल व सीन पर सामाजिक संगठनों ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद पंचकूला पुलिस ने इस गीत को यूट्यूब से हटवा दिया। जबकि गायक बादशाह पर जींद में दो व पंचकूला में एक केस दर्ज है।

## 11वीं में नंबर कम आने पर छात्र ने फंदा लगा दी जान

**पानीपत।** सोनीपत के गन्नौर के रहने वाले यश का 11वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित हुआ था। यश को उम्मीद से कम नंबर मिले, खासकर रसायन विज्ञान के पेपर में अंक कम आने के कारण वह गहरे मानसिक तनाव में चला गया था और उसने फंदे पर लटकरकर आत्महत्या की चेष्टा की। परिजनों ने उसे फंदे से उतारा पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने छात्र के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच में मामला पढ़ाई के दबाव और परीक्षा में कम नंबर आने के कारण आत्महत्या का लग रहा है। फिर भी हर पहलू से जांच की जा रही है।

## पांच हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर युवती का किया अपहरण, 15 दिन पहले भी उठाया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

शाहाबाद में देर रात बंदूक के बल पर बदमाश घर से 19 साल की युवती को उठा ले गए। करीब 15 दिन पहले भी इस युवती का अपहरण हुआ था। परिवार करीब 6 महीने से यहां रह रहा है और पशुपालन से अपना गुजारा कर रहा है। युवती के भाई के मुताबिक, रात करीब 2:30 बजे पांच लोग बंदूक के साथ उनके घर में घुस आए। तीन बदमाश जबरदस्ती उसकी बहन को अपने साथ ले गए, जबकि 2 बदमाश घर पर ही उनको बंदूकें तानकर खड़े रहे। आरोपी कॉलोनी के बाहर अपनी गाड़ियां खड़ी करके आए थे।

उनके जाने के बाद तलाश की तो रास्ते में बहन की चुन्नी पड़ी मिली। उन्होंने डायल-112 को कॉल कर घटना की जानकारी दी। परिवार ने बताया कि करीब 15 दिन पहले भी उनकी लड़की को इन्हीं लोगों ने अगवा कर लिया था। लड़की अपने भांजे के साथ सब्जी लेने गई थी। इसी दौरान आरोपी उसे गाड़ी में जबरन ले गए थे। शाहाबाद हुडा चौकी के इंचार्ज कृष्ण कुमार ने बताया कि पहले इस लड़की को पंजाब के होशियारपुर से बरामद किया था, लेकिन उसे लेकर जाने वाले आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस की 2 टीमें केस पर काम कर रही है। युवती को सही-सलामत वापस लाया जाएगा।




**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road:**- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.**

# फेरारी ने लांच की 10.37 करोड़ की सुपरकार, पलक झपकते होगी हवा-हवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेरारी ने अपनी नई फ्लैगशिप सुपरकार 849 टेस्टारोसा को इंडियन मार्केट में लॉन्च कर दिया है। ये क्लासिक 1980 टेस्टारोसा नाम के साथ आने एसएफ90 स्ट्राडेल का सक्सेसर है। प्लग-इन हाइब्रिड तकनीक के साथ ये भारतीय सुपरकार बाजार में लैंबोर्गिनी रेवुएल्टो की कड़ी टक्कर देगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 10.37 करोड़ रुपए से शुरू होती है, जो ऑप्शन्स जोड़ने पर 11-12 करोड़ तक पहुंच सकती है। दिल्ली में ऑन-रोड प्राइस लगभग 12 करोड़ रुपए से शुरू होगा। फेरारी 849 टेस्टारोसा की बुकिंग भी शुरू होने वाली है। इसे दो वेरिएंट ऑप्शन- स्टैंडर्ड और असेटो में खरीदा जा सकेगा।

## कंपनी ने नई क्लासिक 849 टेस्टारोसा की लांच

### डिजाइन और डायमेंशन

फेरारी 849 टेस्टारोसा का डिजाइन बोल्ड और एग्रेसिव है, जो 1970sएंड्योरेंस प्रोटोटाइप्स (जैसे 512एस) और क्लासिक टेस्टारोसा से इंस्पायर्ड है। लो-स्लंग सिल्हूट (ऊंचाई मात्र 1225 एमएम), लंबाई 4718 एमएम और चौड़ाई 2304 एमएम के साथ ये सड़क पर दबदबा जमाएगी। फ्रंट में एल-शेप्ड एलईडी हेडलैंप्स ब्लैक ग्लॉसी ट्रिम से जुड़े हैं, बड़ा एयर इंटेक और फ्रंट लिप स्पॉइलर इसे स्पोर्टी बनाते हैं।




### फेरारी की सबसे एक्टिव एयरो डायनामिक्स कार

साइड प्रोफाइल में बड़े अलॉय व्हील्स, ब्लैक रूफ और ए-पिलर,बड़े साइड एयर इंटेक्स और स्कल्प्टेड डोर पैनल्स हैं। रियर में स्लिम एलईडी टेललाइट बार, हाई-माउंटेड डुअल एग्जॉस्ट, स्प्लिट स्पॉइलर और बड़ा डिफ्यूज़र है। ग्लास इंजन बे और एक्टिव एयरोडायनामिक्स हाई-स्पीड स्टेबिलिटी बढ़ाते हैं। कुल मिलाकर ये फेरारी की सबसे स्कल्प्टेड और एयरोडायनामिक कारों में से एक है।

### केबिन और कंफर्ट

केबिन पूरी तरह ड्राइवर-फोकस्ड है। स्प्लिट कॉकपिट लेआउट में कोई सेंट्रल इंफोटेनमेंट स्क्रीन नहीं है। इसके बजाय 16-इंच का बड़ा डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले और 9-इंच पैसेंजर स्क्रीन दिए गए हैं। रेसिंग-स्टाइल स्पोर्ट सीट्स प्रीमियम लेदर और कार्बन फाइबर से बनी हैं। थ्री-स्पोक फ्लैट-बॉटम स्टीयरिंग व्हील पर फिजिकल बटन्स दिए गए हैं, जो रेसिंग फील देते हैं।

### फीचर्स और सेफ्टी

फीचर लिस्ट में वायरलेस एपल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो, वायरलेस फोन चार्जिंग, 7-स्पीकर हाई-फाई ऑडियो सिस्टम, स्टीयरिंग-माउंटेड फोन कंट्रोल्स, एडवांस्ड एचएमआई शामिल हैं। असेटो फियोरेनो पैकेज में बेहतर सस्पेंशन, लाइटवेट कंपोनेंट्स और एयरो पार्ट्स मिलते हैं। ईड्राइव मोड में साइलेंट इलेक्ट्रिक ड्राइविंग, ट्रैक मोड और लॉन्च कंट्रोल जैसी रेस-रेडी फीचर्स हैं। इसमें एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, ब्रेक असिस्ट (बीए), इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन (ईबीडी), इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक और वेंटिलेटेड डिस्क ब्रेक्स स्टैंडर्ड हैं।

## खबर संक्षेप



### चिंता बढ़ने से बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन में सुधार

नई दिल्ली। ईरान तथा अमेरिका एवं इजराइल के बीच युद्ध जारी रहने तथा खाड़ी देशों से मालवाहक पोतों की आवाजाही लगभग ठप होने के चलते कच्चे तेल एवं खाद्य तेलों की आपूर्ति घटने की आशंकाएं बढ़ने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में पिछले सप्ताह बाजार मजबूत होने तथा खाद्य तेल एवं रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित रहने की आशंकाओं के बीच मांग में अचानक उछाल आया है।

### वेदांता एनसीडी जारी कर 2,575 करोड़ रुपये जुटाएगी

नई दिल्ली। वेदांता लिमिटेड संस्थागत निवेशकों की ओर से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर




(एनसीडी) निर्गम के जरिये करीब 2,575 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, कोटक म्यूचुअल फंड और आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड जैसे संस्थागत निवेशकों की ओर से इस निर्गम जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी का निर्गम पिछले सप्ताह खुला था।

## वित्त मंत्रालय ने 13 मार्च को किया अधिसूचित

# आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए सार्वजनिक निर्गम नियमों में संशोधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों के न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम से संबंधित नियमों में संशोधन किया है और इसे निर्गम के बाद की पूंजी से जोड़ दिया है।

**हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी**

इस महीने की 13 तारीख को अधिसूचित प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) संशोधन नियम, 2026 के अनुसार, जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक और 5,000 करोड़ रुपये से कम है, उन्हें सूचीबद्ध होने के तीन साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी।

## तीन साल के भीतर सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ानी होगी

### हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश करना होगा

ऐसा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा तय तरीके से किया जाएगा। नियमों में आगे कहा गया है कि निर्गम के बाद की सीमा चाहे कुछ भी हो, सूचीबद्ध होने के समय प्रतिभूतियों के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 2.5 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश किया जाना चाहिए।




### ऋण पत्र कम से कम 25 फीसदी होना अनिवार्य

संशोधन के अनुसार, यदि किसी कंपनी के निर्गम के बाद उसकी पूंजी 1,600 करोड़ रुपये तक है, तो कंपनी द्वारा जारी किए गए प्रत्येक वर्ग के इक्विटी शेयरों या परिवर्तनीय ऋण पत्र का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश करना अनिवार्य होगा।

### पूंजी कम होने पर शेयर जारी करने होंगे

अगर यह पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 4,000 करोड़ रुपये से कम है, तो कंपनी को 4,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर पेश करने होंगे। जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 4,000 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 5,000 करोड़ रुपये के बराबर या उससे कम है, उनके लिए सार्वजनिक पेशकश कंपनी द्वारा जारी इक्विटी शेयरों या परिवर्तनीय ऋण पत्र के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 10 करोड़ होना चाहिए।

### आठ प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे

वहीं, 5,000 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन एक लाख करोड़ रुपये से कम या उसके बराबर की पूंजी वाली कंपनियों को 1,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर और प्रत्येक वर्ग के कम से कम आठ प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे। इन कंपनियों को सूचीबद्ध होने के पांच साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी।

### एक फीसदी के बराबर शेयर जारी करने होंगे

इसी तरह निर्गम के बाद पांच लाख रुपये से अधिक की पूंजी वाली कंपनी को कम से कम 1,500 करोड़ रुपये के शेयरों के बराबर और उनके द्वारा जारी किए जाने वाले प्रत्येक वर्ग के शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर के कम से कम एक प्रतिशत बराबर शेयर जारी करने होंगे।

### जुर्माना लगाने की अनुमति

ये नियम पंजीकृत शेयर बाजारों को संशोधित नियमों के लागू होने से पहले के सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों के गैर-अनुपालन के लिए जुर्माना लगाने की अनुमति देते हैं।

# फरवरी में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात बढ़ा

## 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर (24,340.05 करोड़ रुपये) हो गया। उद्योग संगठन रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार अन्य बाजारों में विस्तार के कारण निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई।

परिषद के आंकड़ों के अनुसार, एक वर्ष पहले इसी महीने में कुल निर्यात 258.10 करोड़ डॉलर (22,460.13 करोड़ रुपये) रहा था। अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात लगभग स्थिर रहा और यह 2,593.37 करोड़ डॉलर (2,28,230.06 करोड़ रुपये) रहा, जबकि इससे एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 2,591.58 करोड़



डॉलर (2,18,737.62 करोड़ रुपये) था।

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा कि बीता वर्ष वैश्विक रत्न एवं आभूषण उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इस दौरान अमेरिका की शुल्क नीतियों में बदलाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और प्रमुख बाजारों में उपभोक्ताओं की बदलती पसंद जैसे कारकों का प्रभाव रहा।

### चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत

भंसाली ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। भंसाली ने कहा कि निर्यातकों ने सक्रिय रूप से नए बाजारों में विस्तार किया है और संयुक्त अरब अमीरात तथा ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अपनी मौजूदगी मजबूत की है, जहां मुक्त व्यापार समझौतों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फ़ोन करें।
गुरु कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नई श्रम संहिताओं से रोजगार में आएगी तेजी : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगभग 75 प्रतिशत कंपनियों को उम्मीद है कि नई श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद निश्चित अवधि वाले रोजगार में वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट में कहा गया कि यह बदलाव कार्यबल के औपचारिककरण की दिशा में एक बड़ा संकेत है।

मानव संसाधन समाधान प्रदाता जीनियस एचआरटेक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यबल के औपचारिककरण की ओर झुकाव स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।



लगभग 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि नई श्रम संहिताओं के बाद कंपनियां रणनीतिक रूप से निश्चित अवधि वाले रोजगार को अपनाएंगी। यह अधिक संगठित, अनुपालन वाले और दस्तावेजी रोजगार व्यवस्था की ओर एक निर्णायक कदम है।

## एयर इंडिया के कर्मचारियों ने किया यात्रा नीति का दुरुपयोग, 4,000 से अधिक कर्मियों पर कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर विसंगतियां पाई हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारी शामिल हैं और एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने सहित सुधारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला।

## अदाणी-टोटल ने औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमत घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों को आपूर्ति की जाने वाली अतिरिक्त प्राकृतिक गैस के दाम 119.90 रुपये प्रति मानक घन मीटर से घटाकर 82.95 रुपये प्रति मानक घन मीटर कर दिए हैं। यह बदलाव 16 मार्च की सुबह छह बजे से लागू होगा। अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जी के शहर गैस संयुक्त उद्यम ने कहा कि यह मूल्य संशोधन उपभोक्ताओं तक कम कीमत का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। साथ ही यह मौजूदा आपूर्ति प्रतिबंधों के दौरान प्रणाली की स्थिरता बनाए रखने और गैस का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए भी है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के आवागमन में व्यवधान के कारण भारत में एलएनजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी। इसके कारण कंपनी ने वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों से कहा था कि वे अपनी अनुबंधित गैस खपत का केवल 40 प्रतिशत ही उपयोग करें। कंपनी ने उपयोगकर्ताओं को सूचित किया, ''हमें आपको यह जानकारी देते हुए प्रसन्नता हो रही है कि तीन मार्च, 2026 की अधिसूचना के अनुसार अतिरिक्त गैस के दाम बढ़ाकर 119.90 रुपये प्रति मानक घन मीटर किए गए थे।

■ बदलाव आज सुबह छह बजे से लागू हो जाएगा

## ऑर्डर में हो रहा है सुधार: मैजिकपिन सीईओ, मैन्यू में किया समायोजन

# एलपीजी की कमी से वैकल्पिक रास्ता अपना रहे रेस्तरां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन ऑर्डर पर डिलिवरी करने वाले मंच मैजिकपिन ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से प्रभावित रेस्तरांओं के ऑर्डर में अब सुधार देखने को मिल रहा है। मैजिकपिन के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशू शर्मा ने कहा कि रेस्तरांओं ने अपने 'मेन्यू' में समायोजन किया है और साथ ही वे खाना पकाने के वैकल्पिक तरीके अपना रहे हैं। शर्मा ने कहा कि एलपीजी आपूर्ति में संकट का ज्यादातर असर छोटे रेस्तरांओं पर पड़ा है जो खाना पकाने के लिए सिलेंडर पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।

### शुरूआत में 10 प्रतिशत तक की आई थी गिरावट

शर्मा ने कहा कि खाना पकाने के लिए एलपीजी पर काफी ज्यादा निर्भर रेस्तरांओं के ऑर्डर में शुरुआत में पांच-10 प्रतिशत की गिरावट आई थी, लेकिन अब मांग में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेस्तरांओं ने एलपीजी की आपूर्ति की दिक्कतों के बीच अपने मेन्यू में कुछ बदलाव किया है और इंडक्शन, लकड़ी से जलने वाले चूल्हों और इलेक्ट्रिक ओवन जैसे दूसरे तरीके अपनाएं हैं।



### ईवी ओवन व इंडक्शन जैसा विकल्प अपना रहे

रेस्तरां मालिकों का कहना है कि वे इस संकट से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक ओवन और इंडक्शन कुकर जैसे विकल्प अपना रहे हैं, साथ ही उन व्यंजनों को प्राथमिकता दे रहे हैं जिन्हें पकने में कम समय लगता है।

### इंडक्शन कुकिंग स्टोव बांटने की योजना

शर्मा ने कहा कि मैजिकपिन अगले कुछ दिन में सबसे प्रभावित लगभग 10,000 रेस्तरां भागीदारों को इंडक्शन कुकिंग स्टोव बांटने की योजना बना रही है ताकि उन्हें अपना कारोबारी परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र ने इन व्यवधानों के दौरान मजबूती दिखाई है, और उद्योग पर मौजूदा संकट थोड़े समय के लिए ही रहने की उम्मीद है।

THE ROHTAK CO-OP. MARKETING SOCIETY LTD. ROHTAK-124001
सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोहतक मण्डी में सरसों की खरीद रबी RMS-2026-27 के लिए लेबर कॉन्ट्रैक्टर की आवश्यकता है। जो कुशल लेबर कॉन्ट्रैक्टर दि रोहतक सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि. नई अनाज मण्डी, दुकान नं. 21ए, रोहतक के माध्यम से काम लेने के इच्छुक हो वह दिनांक 19.03.2026 को दिन के 10:00 बजे तक अपना आवेदन जमा करे। टैण्डर फार्म प्रबंधक कमेटी के सामने 11:00 बजे खोला जाएगा तथा प्रबंधक कमेटी को टैण्डर फार्म में कमी पाई गई व पूर्ण शर्त न होने की सूरत में रद्द करने का अधिकार होगा। बाकी शर्तें समिति कार्यालय से कार्य दिवस के दिन प्राप्त करें।
Sd/- The Rohtak Co-op. Marketing Society Ltd. ROHTAK

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6166




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 6165 का हल**





## खबर संक्षेप

### नेचर बाजार में आग, 40 दुकानें हो गईं खाक



**नई दिल्ली।** रविवार सुबह दिल्ली के अंधेरिया मोड़ इलाके में स्थित नेचर बाजार में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते करीब 40 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों का नुकसान होने की आशंका है। हादसे में अब तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

### मोदी पर कभी जातिवादी टिप्पणी नहीं की: अय्यर



जयपुर (भाषा)। पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जातिवादी टिप्पणी करने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियां मोदी के चरित्र को लेकर थीं, न कि उनकी जाति को लेकर। नौकरशाह से नेता बने अय्यर ने कहा कि उन्हें अंग्रेजी बोलने के कारण "मैकॉले की औलाद" कहा जाता है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी तमिल जानते हैं।

### चेन्नई में धमाके के साथ फटा सिलेंडर, 2 की मौत



**चेन्नई।** राजधानी चेन्नई के नवल्लूर इलाके में एक सिलेंडर में धमाके का मामला सामने आ रहा है। यहां सिलेंडर में धमाका होने से दो बच्चों की मौत हो गई है, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए हैं। धमाका इतना तेज था कि यहां तीन मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी।

### कानपुर के परफ्यूम कारोबारी के घर रेड



**कानपुर।** कानपुर के बड़े परफ्यूम कारोबारी के घर इनकम टैक्स की छापेमारी ने सबके कान खड़े कर दिए हैं। 62 घंटे तक इनकम टैक्स ने कारोबारी के घर ही डेरा डाले रखा। टीम ने एक्सप्रेस रोड स्थित आफिस समेत शहर के अन्य कई स्थानों पर पूरे दिन जांच की और बड़ी कर चोर पकड़ी है।

### ड्रग' लेते पकड़े टीडीपी पूर्व विधायक व साथी

**हैदराबाद।** तेलुगू देशम नेता एवं आंध्र प्रदेश से सांसद पुट्टा महेश कुमार और भारत राष्ट्र समिति के नेता एवं पूर्व विधायक पायलट रोहित रेड्डी सहित 6लोगों को कथित रूप से नशीले पदार्थ का सेवन के मामले में हिरासत में लिया गया है। मोइनाबाद स्थित रोहित रेड्डी के स्वामित्व वाले फार्महाउस में नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करने की सूचना पर मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन के लिए विशिष्ट कार्य बल ने पुलिस दलों के साथ छापा मारा।

### कांशीराम को 'भारत रत्न' देने में विलंब न हो

**लखनऊ/नई दिल्ली।** बसपा की अध्यक्ष मायावती ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार से पार्टी संस्थापक कांशीराम को 'भारत रत्न' देने में अधिक विलंब ना करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को 'भारत रत्न' नहीं देने की कांग्रेस की गलती को न दोहराये। वहीं राहुल ने भी मोदी को पत्र लिखकर कांशीराम को 'भारत रत्न' सम्मान देने की गुजारिश की। माया ने कांशीराम की जयंती पर लखनऊ में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार से काशीराम को 'भारत रत्न' से सम्मानित करने में विलंब ना करने की मांग की।

---

पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर भाषा, समय और दबाव में फंसे अधिकारी

# समय कम और फाइलें लाखों हैं, सूब के 550 और ओडिशा-झारखंड के 200 अधिकारी काम में जुटे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची में 'तार्किक विसंगतियों' की जांच के लिए विशेष सत्यापन प्रक्रिया (एसआईआर) चल रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस प्रक्रिया में 60 लाख संदिग्ध दस्तावेजों की जांच होनी है, जिसका जिम्मा जिन न्यायिक अधिकारियों को दिया गया है, वे भारी दबाव में हैं।

प्रक्रिया में शामिल झारखंड से आए एक न्यायिक अधिकारी ने दैनिक भास्कर को बताया- रोजाना कम से कम 300 मामलों का निपटारा करना पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल के 550 अधिकारियों के अलावा ओडिशा और झारखंड के करीब 200 अधिकारी लगे हैं।

### बांग्ला नाम के अनुवाद में तार्किक विसंगति

बांग्ला में कई जगह कुछ उपनाम (सरनेम) दो-दो तरीके से लिखे जाते हैं। इनमें बनर्जी या बंधोपाध्याय, मुखर्जी या मुखोपाध्याय और चटर्जी या चट्टोपाध्याय समेत दर्जनों उपनाम शामिल हैं। अंग्रेजी में बनर्जी अनुवाद के दौरान बांग्ला में बंधोपाध्याय करने के कारण वैसे नाम तार्किक विसंगति की श्रेणी में आ गए हैं, यह फर्क वही कर सकता है जिसे बांग्ला का समुचित ज्ञान हो। बाहरी राज्यों के ज्यादातर न्यायिक अधिकारी शब्दों के इस खेल से अनजान हैं। इस वजह से ऐसे मामलों में दस्तावेजों की जांच में समय लग रहा है।

### पूरक मतदाता सूची हो सकती है प्रकाशित



चुनाव आयोग के सूत्रों ने भी माना है कि न्यायिक अधिकारी दबाव में काम कर रहे हैं। अभी करीब 48 लाख के दस्तावेजों की जांच होनी है। सुको ने कहा है कि नामांकन की आखिरी तारीख तक हुई जांच के आधार पर पूरक मतदाता सूची प्रकाशित हो सकती है।

### राजनीतिक असर की आशंका, तृणमूल को खतरा

तय समय में दस्तावेजों की जांच नहीं हो पाने की स्थिति में बड़ी संख्या में लोग मताधिकार से वंचित रह सकते हैं। इससे सबसे ज्यादा खतरा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को है। वजह- कुछ मुस्लिम-बहुल इलाकों में तार्किक विसंगति की श्रेणी में शामिल वोटरों में 80 से 90% लोग अल्पसंख्यक हैं। ये तृणमूल का मजबूत वोट बैंक है। पिछले साल नवंबर में एसआईआर प्रोसेस शुरू होने के बाद 63.66 लाख यानी 8.3% नाम हटा दिए गए हैं। करीब 7.66 करोड़ से करीब 63 लाख घटकर अब 7.04 करोड़ मतदाता ही बचे हैं।

---

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की पोस्ट

# 'एमसीसी-मोदी की चुनाव प्रचार संहिता' कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग पर कसा तंज



**नई दिल्ली(भाषा)।** निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने से पहले कांग्रेस ने रविवार को तंज कसते हुए कहा कि चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) 2014 से "मोदी की चुनाव प्रचार संहिता" का पर्याय बन गई है और यह संहिता "मानहानि, गाली-गलौज, धमकी, भय फैलाने और झूठ का वायरस फैलाने" से भरी होगी। विपक्षी दल ने यह भी दावा किया कि जी1 ने "उद्घाटन, फीता काटने एवं हरी झंडी दिखाने" के दौर को पूरा कर लिया होगा इसलिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा को जी2 ने हरी झंडी दे दी होगी।' कांग्रेस अक्सर 'जी2' शब्द का इस्तेमाल मोदी और शाह पर निशाना साधने के लिए करती है।

### आयोग सहमत नियमों का एक समूह

*कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "निर्वाचन आयोग आज 2026 विस चुनाव का कार्यक्रम घोषित करेगा। जी1 उद्घाटन, फीता काटने, हरी झंडी दिखाने और योजनाओं की शुरुआत करने के दौर को पूरा कर चुका होगा इसलिए जी2 ने इसे हरी झंडी दे दी होगी।" रमेश ने कहा, "निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) जल्द लागू होने वाली है लेकिन 2014 से यह मोदी की चुनाव प्रचार संहिता का पर्याय बन गई है, जो मानहानि, गाली-गलौज, धमकी, भय फैलाने और झूठ का वायरस फैलाने से भरी होगी।" चुनाव आचार संहिता चुनाव के दौरान सभी हितधारकों द्वारा सहमत नियमों का एक समूह है। इसका उद्देश्य चुनाव प्रचार, मतदान और मतगणना को व्यवस्थित, स्पष्ट एवं शांतिपूर्ण रखना तथा सत्तारूढ़ दल द्वारा राज्य मशीनरी एवं वित्त के किसी भी दुरुपयोग को रोकना है।*

---

केंद्रीय गृहमंत्री असम के दो दिवसीय दौरे पर, पूर्वोत्तर का चार महीने में चौथा दौरा

# असम में सबसे बड़ा जनादेश हासिल करके सत्ता बरकरार रखेगी भाजपा

भाषा ▶▶ कोलकाता




शाह असम के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार शाम को यहां पहुंचे थे। पूर्वोत्तर राज्य का चार महीने में उनका यह चौथा दौरा है। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम में अब तक का सबसे बड़ा जनादेश हासिल करके सत्ता बरकरार रखेगी। शाह ने यहां भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोगों से एक बार फिर भाजपा को जिताने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि हर घुसपैठिए को भारत से बाहर निकाल दिया जाएगा। कांग्रेस ने घुसपैठियों को आश्रय दिया, लेकिन भाजपा सरकार प्रत्येक घुसपैठिए की पहचान करके उसे देश से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने यह दावा भी किया कि कांग्रेस ने कुछ राज्यों में निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया। कांग्रेस ने घुसपैठ को वैध, औपचारिक और सामान्य बना दिया, लेकिन भाजपा हर एक घुसपैठिए को मतदाता सूची से हटाएगी। राहुल बाबू आश्वस्त रहें कि न केवल मतदाता सूची से इनके नाम हटाए जाएंगे, बल्कि इन्हें देश से बाहर निकाला जाएगा। कांग्रेस के शासन के दौरान असम हिंसा के लिए जाना जाता था, और

### कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा

### शाह ने किया 2,092 करोड़ की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन व आधारशिला रखी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये "अपनी जेब में डाल लिए"। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है। शाह ने 2,092 करोड़ की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन व आधारशिला रखते हुए कहा, "10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।" केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा, "15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए। इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं।" शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए सीएम हिमंत की प्रशंसा की।

- **कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ हड़पे**

---

चुनाव ऐलान से पहले सीएम ममता ने किया ट्वीट

# बंगाल में पुजारियों-मुअज्जिनों का मानदेय 500 रुपये बढ़ा

भाषा ▶▶ कोलकाता



विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा से कुछ घंटे पहले, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि, प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) का मार्च से भुगतान करने की घोषणा की। इस संशोधन के बाद, पुरोहितों व मुअज्जिनों को अब प्रति माह 2,000 रुपये मिलेंगे। बंगाल सरकार इस साल मार्च से अपने कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) का भुगतान करेगी। बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचनाओं में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार, उन्हें मार्च 2026 से आरओपीए 2009 के तहत मिलने वाली महंगाई भत्ता राशि का बकाया मिलना शुरू हो जाएगा।

### विस की आठ सीटों पर उपचुनाव 9 व 23 अप्रैल को होंगे, मतगणना चार मई को होगी: ज्ञानेश

**नई दिल्ली (भाषा)।** गोवा, कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव नौ अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात और महाराष्ट्र की तीन अन्य विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि उपचुनाव के लिए सभी आठ निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना चार मई को होगी। सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव मौजूदा विधायकों के निधन के कारण आवश्यक हो गए थे। जिन आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, उनमें गोवा में पोंडा, कर्नाटक में बागलकोट और दक्षिण दावणगेरे, नगालैंड में कोरिडांग, त्रिपुरा में धर्मनगर, गुजरात में उमरेठ और महाराष्ट्र में राहुरी और बारामती शामिल हैं।

---

26 प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध चुने गए

### सियासत तेज... राज्यसभा की 11 सीटों के लिए मतदान आज

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राज्यसभा की 11 सीटों के लिए सोमवार को होने वाले मतदान से ठीक पहले बिहार, हरियाणा और ओडिशा में सियासी हलचल तेज हो गई है। संभावित क्रॉस-वोटिंग और विधायकों की टूट-फूट को रोकने के लिए राजनीतिक दलों ने अपने-अपने विधायकों की घेराबंदी शुरू हो गई है। कई जगहों पर विधायकों को रिसॉर्ट में ठहराया गया है तो कहीं उन्हें रोजाना पार्टी नेतृत्व के सामने उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। देशभर में इस बार राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। इनमें से 26 सीटों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। अब बिहार की पांच, ओडिशा की चार और हरियाणा की दो सीटों पर मतदान होना है। नतीजे सोमवार को ही घोषित किए जाएंगे। क्रॉस-वोटिंग या निर्दलीय परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। ओडिशा में चौथी सीट को लेकर मुकाबला सबसे दिलचस्प माना जा रहा है। बिहार की पांच सीटों पर एनडीए चार सीटें आसानी से जीत सकता है। पांचवी सीट पर सबकी नजर है।

- **बिहार की 5 ओडिशा की 4 और हरियाणा की दो सीटों पर होगा मतदान**

### असम विस चुनाव के लिए आप ने 14 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**गुवाहाटी (भाषा)।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को नौ अप्रैल को होने वाले असम विधानसभा चुनावों के लिए अपने राज्य उपाध्यक्ष अनुरुपा डेकाराजा सहित 14 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की। सूची में शामिल सभी निर्वाचन क्षेत्र ब्रह्मपुत्र घाटी में स्थित हैं। डेकाराजा गुवाहाटी सेंट्रल सीट से और रेणुका तिमुंगपी बोकाजान से चुनाव लड़ेंगी। आप के राज्य प्रभारी राजेश शर्मा द्वारा जारी सूची में नामित अन्य उम्मीदवारों में अच्युत दास (नाओबोइचा), तपन गोगोई (शिवसागर), जाहिदुल इस्लाम खान (चेंगा), रंजीत बोरो (नदुआ), पल्लव सैकिया (टीटाबोर) और जिन्ना आमीर हुसैन (पूर्वी गोलपारा) शामिल हैं। असम विस में अभी तक अपना खाता भी नहीं खोल पाने वाली आम आदमी पार्टी यहां किसी अन्य विपक्षी दल के साथ गठबंधन किए बिना चुनाव लड़ेगी।

---

तमिलनाडु में डि-लिमिटेशन व बंगाल में रहेगा घुसपैठ का मुद्दा

# असम-पडुचेरी में भाजपा आश्वस्त तो बंगाल व तमिलनाडु में रोचक मुकाबले के आसार बने

5 राज्यों में चुनावों की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों ने अपने-अपने दावे शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही पार्टियां जोड़ तोड़ की राजनीति भी कर रहीं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

5 राज्यों में चुनावों की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों ने अपने- अपने दावे शुरू कर दिए हैं। हालांकि इतिहास पर गौर करे तो बंगाल में भाजपा ने आज तक कभी सरकार नहीं बनाई है। तमिलनाडु में भी कभी भाजपा सरकार में नहीं रही। केरल में ज़ीरो है। असम में भाजपा हैट्रिक मार सकती है। कांग्रेस असम हारी तो कांग्रेस की हार की हैट्रिक लगेगी। पुडुचेरी में एनडीए की सरकार है। असम के बारे में भाजपा को कोई संदेह ही नहीं है। हिमंता विश्व सरमा असम की नब्ज़ को अच्छी तरह समझ रहे हैं और उसी के मुताबिक अपने पत्ते फेंक रहे हैं। बंगाल में घुसपैठ और केंद्रीय विभागों का अपमान और आदेश की अवहेलना का मुद्दा हावी रहेगा। इसी तरह तमिलनाडु में हिंदीभाषियों के खिलाफ सरकार की सोच और कार्यवाही का भी मुद्दा उठेगा। बिहारियों के प्रति घृणा भी सरकार की सोच का एक कारण बन सकता है।



### 5 राज्यों में पार्टियों ने कसी कमर



तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्य में डिलिमिटेशन को एक बड़ा मुद्दा बनाया है और केंद्र पर आरोप लगाया है कि वो दक्षिण भारतीय राज्यों की राजनीतिक ताक़त को कम करने की कोशिश कर रही है। इस बार के चुनाव में तमिलनाडु का मुक़ाबला भी काफ़ी रोचक हो सकता है। यहां भाजपा का प्रदर्शन दक्षिण भारतीय राज्यों में उसकी नई तस्वीर पेश कर सकती है। वर्तमान मुख्यमंत्री स्टालिन हैं जिनको पलानीस्वामी टक्कर दे रहे हैं। सुपर स्टार विजय फिल्मों से सन्यास ले कर चुनावी राजनीति में कूद चुके हैं।

### केरल में एंटी इम्कबैंसी और कांग्रेस में फूट



केरल में पिछले चुनाव में माकपा के नेतृत्व में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की सरकार बनी थी। पिनरई विजयन मुख्यमंत्री बने थे। दूसरी तरफ यूडीएफ को बाकी बची 41 सीटों पर जीत मिली। एनडीए एकमात्र सीट भी हार गई और वोट शेयर में भी गिरावट आई। भाजपा को उम्मीद केरल से भी है, जहां पहली बार भाजपा का सांसद जीता है और राजधानी तिरुवनंतपुरम में भाजपा का मेयर बना है। केरल में विजयन के साथ 10 साल की एंटी इम्कबैंसी है और कांग्रेस के घर में फूट दिख रही है। ऐलान-ए-जंग के साथ ही पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

### पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और और 'अपमान' का मुद्दा रहेगा भारी

बंगाल में इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा सियासी मुक़ाबला इसी राज्य में माना जा रहा है। हुमायूं कबीर ने अपनी नई पार्टी बना ली है और उन्होंने कुछ इलाक़ों में एक नया सियासी समीकरण बनाने की कोशिश की है। यहां पर घुसपैठ का मुद्दा हावी रहेगा। इसके साथ ही ममता सरकार के प्रदर्शन और केंद्र के साथ राष्ट्रपति का अपमान का मुद्दा भी छाया रहेगा।



चिंतन

# अब होगी नेताओं के दावों की परीक्षा

देश के पांच राज्यों असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी शंखनाद हो चुका है। चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखों का ऐलान कर दिया है और इसके साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सत्ता की दौड़ तेज होगी। नेताओं के बड़े-बड़े दावे जनता की कसौटी पर परखे जाएंगे। करीब 17.4 करोड़ मतदाताओं और 824 विधानसभा सीटों पर होने वाला यह चुनाव केवल सरकार बदलने का सवाल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता और जनता की उम्मीदों की भी बड़ी परीक्षा है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। पांचों राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही सियासी गतिविधियां तेज हो चुकी हैं और राजनीतिक दलों ने अपने-अपने एजेंडे, वादों और रणनीतियों को धार देना शुरू कर दिया है। इन चुनावों की खास बात यह है कि यहां राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों के बीच सीधी और कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। खासकर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा हमेशा तीखी रही है, जहां क्षेत्रीय दलों की मजबूत पकड़ है। ऐसे में राष्ट्रीय दल भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकते नजर आएंगे। चुनावों के दौरान अक्सर नेताओं द्वारा विकास, रोजगार, महंगाई और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। मुफ्त योजनाओं और जनहित के नाम पर नई-नई घोषणाएं मतदाताओं को प्रभावित करने का एक प्रमुख माध्यम बन जाती हैं, लेकिन समय के साथ मतदाताओं की समझ भी परिपक्व हुई है। अब मतदाता केवल वादों और नारों से प्रभावित नहीं होते, बल्कि वे यह भी देखते हैं कि पिछले कार्यकाल में सरकारों ने वास्तव में क्या काम किया है और जनता के जीवन में कितना बदलाव आया है। यही वजह है कि यह चुनाव नेताओं के दावों की असली परीक्षा बनकर सामने आएगा। चुनाव आयोग ने भी साफ कर दिया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई भी सरकार नई योजनाओं या घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में होती है। चुनाव केवल नेताओं या राजनीतिक दलों की परीक्षा नहीं होते, बल्कि यह मतदाताओं की जिम्मेदारी और जागरूकता की भी कसौटी होते हैं। जब मतदाता अपने अधिकार का ईमानदारी से प्रयोग करते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए जरूरी है कि हर मतदाता इस लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अपने वोट का प्रयोग जरूर करे। आखिरकार, चुनाव केवल सत्ता हासिल करने की दौड़ नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को जीतने की प्रक्रिया भी है। नेताओं के लिए यह अवसर है कि वे केवल वादे करने तक सीमित न रहें, बल्कि जनता के भरोसे को निभाने का संकल्प भी दिखाएं क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास ही होता है। मई में आने वाला जनादेश किसे सत्ता की जिम्मेदारी सौंपता है। जनता के लिए भी यह जिम्मेदारी के साथ चुनाव करने का मौका है। लोकतंत्र का यह उत्सव आखिर जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का आईना बनकर सामने आएगा।

दिवस विशेष
श्वेता गोयल



# मानवता का सबसे सशक्त सुरक्षा कवच है टीकाकरण

मानव सभ्यता के इतिहास में अदृश्य सूक्ष्मजीवों, वायरसों और जीवाणुओं ने समय-समय पर अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौतियां पेश की हैं। इन प्राणघातक संकटों के विरुद्ध मानवता के पास सबसे सशक्त और अचूक अस्त्र 'टीकाकरण' ही रहा है। भारत में प्रतिवर्ष 16 मार्च को मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक चेतना और लाखों जिंदगियों को अकाल मृत्यु से बचाने के संकल्प का उत्सव है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि कैसे विज्ञान ने प्रकृति के प्रकोप को नियंत्रित कर एक स्वस्थ समाज की नींव रखी है। टीकाकरण की महत्ता को समझना आज इसलिए भी अनिवार्य है क्योंकि यह न केवल व्यक्ति विशेष की रक्षा करता है बल्कि एक अभेद्य सामुदायिक सुरक्षा तंत्र (हर्ड इम्यूनिटी) का निर्माण भी करता है। टीकाकरण की प्रक्रिया वास्तव में शरीर की आंतरिक रक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित करने की एक कला है। हमारे वातावरण में अनगिनत रोगजनक तत्व विचरण करते हैं, जो किसी भी क्षण हमें अपनी चपेट में ले सकते हैं। वैक्सीन इन खतरों के विरुद्ध शरीर में एक कृत्रिम प्रतिरक्षा जागृत करती है, जिससे हमारा शरीर वास्तविक संक्रमण होने पर उससे लड़ने के लिए पहले ही तैयार रहता है। यह चिकित्सा विज्ञान की वह अद्भुत उपलब्धि है, जिसने चेचक जैसी भयावह बीमारियों का नामोनिशान मिटा दिया और पोलियो जैसे अभिशाप को इतिहास के पन्नों तक सीमित कर दिया। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का मूल ध्येय समाज के हर वर्ग, विशेषकर नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस अभियान की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह उन अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं, डॉक्टरों और नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी क्षण है, जो दुर्गम क्षेत्रों में जाकर हर बच्चे तक 'सुरक्षा की खुराक' पहुंचाना सुनिश्चित करते हैं। यदि हम भारत के संदर्भ में टीकाकरण की ऐतिहासिक विजय गाथा का विश्लेषण करें तो 16 मार्च की तिथि स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसी दिन वर्ष 1995 में देश में ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली खुराक दी गई थी, जो 'पल्स पोलियो अभियान' के व्यापक शंखनाद का प्रतीक बनी। 'दो बूंद जिंदगी की' का वह नारा केवल एक विज्ञापन नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन बन गया, जिसने देश के कोने-कोने में चेतना जगाई। उस समय भारत पोलियो के मामलों का प्रमुख केंद्र माना जाता था लेकिन निरंतर प्रयासों और टीकाकरण की शक्ति ने असंभव को संभव कर दिखाया। परिणामस्वरूप, वर्ष 2011 में पश्चिम बंगाल में अंतिम मामला मिलने के बाद 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया। यह उपलब्धि प्रमाणित करती है कि यदि इच्छाशक्ति और टीकाकरण का सही समन्वय हो तो किसी भी महामारी को परास्त किया जा सकता है। टीकाकरण की प्रासंगिकता केवल शिशुओं तक सीमित नहीं है। यद्यपि इसका आरंभ बाल्यकाल की सुरक्षा से होता है परंतु व्यस्क और वृद्धजनों के लिए भी यह उतना ही अनिवार्य है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस सत्य को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित किया है। 2020 के बाद भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर यह सिद्ध किया कि आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना केवल वैज्ञानिक नवाचार से ही संभव है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि टीकाकरण के लाभ केवल व्यक्तिगत आरोग्य तक सीमित नहीं रहते बल्कि इसका व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ता है। एक स्वस्थ कार्यबल राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गति देता है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम करता है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत में टीकाकरण की जड़ें बहुत गहरी हैं। दस्तावेजी प्रमाण बताते हैं कि 1802 में मुंबई की एक नन्ही बालिका को चेचक का टीका लगाकर इस आधुनिक सुरक्षा चक्र की शुरुआत हुई थी। उसके बाद 1896 में अनिवार्य टीकाकरण अधिनियम का आना और 20वीं सदी के प्रारंभ तक हैजा, प्लेग और टाइफाइड जैसी महामारियों के विरुद्ध टीकों की उपलब्धता ने भारतीय स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान की। टीकाकरण केवल दवा की बूंद नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की पहली शर्त है। आज जब हम आधुनिक प्रौद्योगिकियों के युग में जी रहे हैं, तब हमारा यह दायित्व है कि हम भ्रांतियों और अफवाहों को दरकिनार कर टीकाकरण को एक नागरिक कर्तव्य के रूप में अपनाएं। यदि हम 'पूर्ण टीकाकरण' के लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं तो भविष्य की पीढ़ियों को हम एक रोगमुक्त और निर्भय संसार उपहार में दे सकेंगे। हर साल लाखों जिंदगियां बचाने का यह संकल्प तभी फलीभूत होगा, जब 'सुरक्षा का यह चक्र' समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
महेन्द्र तिवारी

# डोनाल्ड ट्रंप के दावे और टूटता तिलिस्म

ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। ट्रंप का यह सोचना कि प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है।

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, इस दावे और भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं।

ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर टैरिफ हमलों की शृंखला तब शुरू हुई, जब अमेरिका ने भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया और हार्ले-डेविडसन जैसी मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जवाब में, अमेरिका ने भारत को मिलने वाले 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस' (जीएसपी) के लाभ को समाप्त कर दिया, जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को चोट पहुंचाना था, लेकिन इसके परिणाम ट्रंप की उम्मीदों के विपरीत रहे। भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है।

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है, जिसे नजरअंदाज करना खुद अमेरिका के लिए आर्थिक आत्मघात जैसा होगा। दबाव की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखने को मिला, जब अमेरिका ने भारत पर रूस से कच्चा तेल न खरीदने और प्रतिबंधों का पालन करने के लिए भारी राजनयिक दबाव डाला। ट्रंप और उनके समर्थक गुट का मानना था कि भारत को अमेरिकी छत्रछाया में लाने के लिए यह सही समय है। हालांकि, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न केवल रूस से तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक अवसर में बदल दिया।

अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और 'प्राइस कैप' जैसी नीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसले लिए। यह अमेरिकी कूटनीति की एक बड़ी विफलता मानी जा सकती है क्योंकि वह एक प्रमुख लोकतांत्रिक साझेदार को अपनी मर्जी के अनुसार झुकने पर मजबूर नहीं कर सका। भारत के इस कड़े रुख



ने स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली की विदेश नीति अब वाशिंगटन के निर्देशों पर नहीं, बल्कि अपने 140 करोड़ नागरिकों की जरूरतों और वैश्विक स्थिरता के अपने दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत की तुलना चीन से करना और उसे 'अगला चीन' न बनने देने की बात करना ट्रंप की एक रणनीतिक भूल को दर्शाता है। चीन का उदय एक सत्तावादी ढांचे के तहत हुआ, जिसने वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किया, जबकि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जो कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करती है। ट्रंप का यह डर कि भारत अमेरिकी विनिर्माण को निगल जाएगा, तथ्यात्मक रूप से कमजोर है क्योंकि भारत का विकास मॉडल निर्यात-आधारित होने के साथ-साथ उपभोग-आधारित भी है। भारत आज वैश्विक आपूर्ति शृंखला के लिए एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है, जिसे अमेरिका खुद 'फ्रेंड-शोरिंग' के नाम से बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में एक तरफ भारत को विनिर्माण का विकल्प बनाना और दूसरी तरफ उसकी प्रगति को रोकने की बात करना ट्रंप की नीतियों में गहरे अंतर्विरोध को उजागर करता है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यह भी देखा गया कि रक्षा सौदों के मामले में भी अमेरिका का दबाव काम नहीं आया। भारत ने रूस के साथ S-400 मिसाइल प्रणाली का सौदा किया, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। भारत का अडिग रहना और अंततः अमेरिका का प्रतिबंधों से पीछे हटना यह साबित करता है कि वाशिंगटन को भारत की सैन्य और सामरिक महत्ता का भली-भांति आभास है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका को भारत की जितनी आवश्यकता है, उतनी भारत को अमेरिका की नहीं।


यह शक्ति संतुलन ट्रंप के उन दावों को खोखला कर देता है, जिनमें वे भारत को नियंत्रित करने की बात करते हैं। भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि अपनी क्षमता विस्तार के लिए हैं और ट्रंप के टैरिफ या धमकियां इसे रोकने में अक्षम साबित हुई हैं। अंततः ट्रंप की रणनीति में एक बुनियादी कमी यह है कि वे भारत को केवल एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं, जबकि भारत एक सभ्यतागत शक्ति और उभरता हुआ वैश्विक ध्रुव है। भारत की डिजिटल क्रांति, उसका विशाल युवा कार्यबल और उसकी रणनीतिक स्थिति उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जा रही है। ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' के मुकाबले भारत का 'सबका साथ, सबका विकास' और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का संकल्प अधिक समावेशी और प्रभावी है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप द्वारा भारत पर बनाए गए दबाव के हर प्रयास ने भारत को अधिक आत्मनिर्भर बनने और अपने विकल्पों को तलाशने के लिए प्रेरित किया है। भारत को दबाव में रखकर सफल होने का सपना देखने वाले नेताओं को यह समझना होगा कि 21वीं सदी का भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ने की क्षमता रखता है और किसी भी महाशक्ति का कनिष्ठ भागीदार बनने के बजाय एक समान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रंप के दावे महज चुनावी बयानबाजी या दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक विश्व व्यवस्था में भारत की गति को रोकना अब किसी भी एक शक्ति के बस की बात नहीं रह गई है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।


## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## दूसरों को कमजोर समझने की गलती न करें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन

जंग की दलदल




### आज की पाती

#### बड़ा बोझ क्यों बन रही शादियां?

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*- मनीराम बहलान, सिरसा*

## करंट अफेयर

### हमलों के बाद 'काली बारिश' से ईरान की जनता को खतरा

अमेरिका व इजराइल के ईरान के तेल भंडारों पर किये गये हवाई हमलों कारण उठे जहरीले धुएं के बादल धरती पर 'काली बारिश' हुई। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसके मद्देनजर जनता के लिए गंभीर खतरों की चेतावनी जारी की है।




पिछले हफ्ते ईरान के कई तेल डिपो और एक रिफाइनरी पर हमले के बाद तेहरान के पास काली और तैलीय बारिश हुई, जिससे राजधानी के निवासियों ने आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। दो सप्ताह से जारी युद्ध के दौरान क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी काले धुएं के गुबार देखे गए। ईरान भी फारस की खाड़ी के पड़ोसी देशों के तेल और प्राकृतिक गैस भंडारों पर ड्रोन व मिसाइलों से हमला कर अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों का जवाब दे रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश अपेक्षाकृत कम समय में वायुमंडल से खतरनाक रसायनों को साफ कर देती है लेकिन काली बारिश के संपर्क में आने वाले लोगों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों से बचने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। यह तब होता है, जब राख और जहरीले रसायन वायुमंडल में पानी की बूंदों के साथ मिलकर बारिश के दौरान वापस पृथ्वी पर गिरते हैं। तेल रिफाइनरियों या तेल क्षेत्रों में आग लगने के बाद यह आम बात है।

## ऑफ बीट

### ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु



और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था - या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया।

## ट्रेंड

### जनता देगी जवाब



टीएमसी वालों को यह याद रखना होगा कि उन्होंने केवल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी का अपमान नहीं किया है, बल्कि देश के आदिवासी समाज के साथ-साथ करोड़ों महिलाओं के सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। पश्चिम बंगाल की जनता-जनार्दन इसका भरपूर जवाब देगी।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कांशीराम को मिले भारत रत्न



सरकार से सामाजिक न्याय के महान योद्धा और बहुजन चेतना के मार्गदर्शक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान कांशीराम के साथ उस पूरे आंदोलन को श्रद्धांजलि होगी जिसने करोड़ों बहुजनों को हक़ और आत्मसम्मान की राह दिखाई।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### ब्याज-मुक्त ऋण



युवा शक्ति ही सशक्त राजस्थान की असली पहचान है। उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज-मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### डबल इंजन सरकार



कुछ साल पहले किसने सोचा होगा कि असम के हर जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल होगा, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और एम्स होंगे, एक पानी के नीचे सुरंग होगी और भी बहुत कुछ। डबल इंजन सरकार ने इन सभी को हकीकत बना दिया है।

-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# गिल और मंधाना बीसीसीआई के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर

**नई दिल्ली(भाषा)।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को यहां आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया। गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता, जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया।

*» दो साल में आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली पांचों टीमें सम्मानित*

*» बिन्नी और द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट से नवाजा , गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता*

### रणजी ट्रॉफी में उम्दा प्रदर्शन करने वालों को माधवराव सिंधिया पुरस्कार

- 2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी (एलीट ग्रुप): हर्ष दुबे (विदर्भ)
- 2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी (प्लेट ग्रुप): सुचित जे (नागालैंड)
- 2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी (एलीट ग्रुप): वाई वी राठौड़ (विदर्भ)
- 2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी (प्लेट ग्रुप): स्नेहल कौथंकर (गोवा)



### इन्हें भी सम्मान

*साथ ही बीसीसीआई ने 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दरअसल, बीसीसीआई ने रविवार को दिल्ली में नमन अवॉर्ड 2026 का आयोजन कर रहा है। इस दौरान भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। साथ ही अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को डोमेस्टिक में बेहतर परफॉर्मेंस के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड के लिए चुना गया। इसके अलावा 2024-26 तक 5 आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाली पांचों टीमों को सम्मानित किया गया। इसमें मेंस टी-20 वर्ल्डकप, चैंपियंस ट्रॉफी, विमेंस वर्ल्डकप के अलावा, अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली मेंस-विमेंस टीमें शामिल रहीं।*

### गिल ने पांच टेस्ट मैचों में 754 रन बनाए

*इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुवाई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए जिससे वह श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इसमें चार शतक और 269 रन का उनका सर्वोच्च स्कोर भी शामिल था। पिछले साल भारत की 'चैंपियंस ट्रॉफी' जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने दुनिया के नंबर एक वनडे बल्लेबाज के तौर पर प्रवेश किया था। बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले मैच में उन्होंने नाबाद 101 रन बनाए और पूरे टूर्नामेंट में कुल 188 रन बनाकर अपना अभियान समाप्त किया।*



मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार दिया गया

### मंधाना ने वनडे में 1,362 रन जड़े

मंधाना ने 2025 का समापन कुल 1,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में 1,362 रन शामिल हैं जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज़ बन गईं। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं।

## खबर संक्षेप

### थीगाला ने की बढ़त मजबूत, शीर्ष पर वापसी



**फ्लोरिडा।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी सहित थीगला ने चार-अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाकर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनामी प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते हुए शीर्ष 10 में वापसी की। थीगाला ने दो बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं, जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर पार हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के लुडविग एबर्ग से छह शॉट पीछे हैं। एबर्ग ने एक-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट कर दिया है। उनका कुल स्कोर अब 13-अंडर पार है। थीगाला फिलहाल रॉबर्ट मैकिंटायर, ऑस्टिन स्मॉथरमैन, जैकब ब्रिजमैन और सेप स्ट्राका के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं।

### 31 मार्च को भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालीफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालीफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था।

### पावरप्ले में मैच छीन सकते हैं संजू : गंभीर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया। गंभीर ने कहा, 'हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है।' गंभीर ने कहा, ' मैंने उसे जिम में यह बात बताई।

## इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट : दानिल ने सीधे सेटों में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से हराया

# अल्कारेज की अजेय लय टूटी, मेदवेदेव ने दी साल की पहली हार, फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

**खिताब के लिए मेदवेदेव का मुकाबला सिनर से**

### मेदवेदेव की 2023 के बाद अल्कारेज पर पहली जीत

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है।

### सिनर ने ज़्वेरेव को 1 घंटे 23 मिनट में ही हराया

सिनर ने ज़्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।




### आंद्रेओजी और गुइनार्ड ने जीता डबल्स का खिताब

गुइडो आंद्रेओजी और मैनुअल गुइनार्ड ने इंडियन वेल्स ओपन के डबल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार को हुए फाइनल में आंद्रेओजी और गुइनार्ड की जोड़ी ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटिन वचेरोट को 7-6(3), 6-3 से हराकर खिताब जीता। यह मैच 1 घंटा 23 मिनट तक चला। कैलिफोर्निया में उनकी खिताबी जीत के सफर में कई बड़ी जीतें शामिल रहीं। इस जोड़ी ने टूर्नामेंट में पहले चौथी सीड क्रिश्चियन हैरिसन और नील स्कूप्स्की को हराया, फिर टॉप सीड मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। गुइनार्ड के लिए, इंडियन वेल्स का टाइटल उनका दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन है। इससे पहले, उन्होंने 2025 में रोमेन अर्नेओडो के साथ रोलेक्स मोंटे-कार्लो मास्टर्स में जीत हासिल की थी। आंद्रेओजी ने एटीपी टूर फाइनल्स में अपने मजबूत रिकॉर्ड को पांच में से चार जीत तक बेहतर किया, इससे पहले उन्होंने क्रोएशिया ओपन उमाग (2024), अर्जेंटीना ओपन (2025), और स्वीडिश ओपन (2025) में खिताब जीते थे।

## स्पेनिश फुटबॉल लीग

### रियाल मैड्रिड ने एल्चे को हराया पहुंचा बार्सिलोना के करीब



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं। इस बीच स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे का मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण के मैच में खेलना भी संदिग्ध है। उन्होंने घुटने की चोट के कारण 21 फरवरी के बाद कोई मैच नहीं खेला है।

**वाल्वरडे ने घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को किया दोगुना**

## दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता पहला टी-20, न्यूजीलैंड को 91 रन पर समेटा

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई



दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे चार खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 14.3 ओवर में 91 रन पर समेटने के बाद पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच सात विकेट से जीत लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन की 48 गेंद में नाबाद 45 रन की पारी की बदौलत 20 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 93 रन बनाकर जीत दर्ज की। पदार्पण कर रहे डियान फोरेस्टर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। एस्टरहुइजेन ने 17वें ओवर में काइल जेमीसन पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।

### न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में गंवाए पांच विकेट

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए और अंततः टी20 में अपने 10वें सबसे कम स्कोर पर सिमट गई, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा सबसे कम स्कोर है। गेराल्ड कोएट्जी (14 रन पर दो विकेट) ने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (01) और टॉम लैथम (07) को पवेलियन भेजा जबकि ओटनील बार्टमैन (22 रन पर दो विकेट) ने टिम रोबिनसन (06) और निक कैली (02) की पारी का अंत किया। बेवन जैकब्स (10) इसके बाद रन आउट हुए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन हो गया। नकोबानी मोकोएना (26 रन पर तीन विकेट) ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को समेटा। जिमी नीशाम (26) और मिचेल सेंटनर (15) ने सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

## प्रभु ने लगाई 17.05 मीटर की छलांग, जीता सिल्वर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी कॅरियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है।

## सरफराज अहमद ने छोड़ा बल्ला सभी प्रारुपों को कहा अलविदा



एजेंसी ▶▶| कराची

भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया।

सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। बोर्ड के सूत्र ने बताया कि सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

सरफराज ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल अक्टूबर ने खेला था। उन्होंने कहा कि वह अपनी अन्य भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ' मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं पाकिस्तान की तीनों प्रारुप में कप्तानी करूंगा तथा 2006 में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतूंगा। ये मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण रहे हैं।' सरफराज ने पाकिस्तान की तरफ से 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने तीनों प्रारुप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी भी की है।

## मर्सीडीज के लिए पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन

# चीन ग्रां प्रीः फॉर्मूला वन के दूसरे कम उम्र के विजेता बने एंटोनेली

एजेंसी ▶▶| शंघाई

किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए।

इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा।



### रसेल ने किया दूसरा स्थान हासिल

एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा। कम उम्र में ग्रां प्री जीतने वाले एकमात्र ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन हैं, जिन्होंने 2016 में जब अपनी पहली जीत हासिल की थी तब उनकी उम्र 18 साल थी।

### बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली फॉर्मूला वन रेस रद्द



**शंघाई।** फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, 'पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी।' उन्होंने कहा, ''हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा।' एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, 'हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।' फिया ने कहा कि ये दोनों रेस 'अप्रैल में नहीं होंगी' और इनकी जगह कोई दूसरी रेस आयोजित नहीं की जाएगी।फिया के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम ने कहा, 'फिया हमेशा हमारे समुदाय और सहकर्मियों की सुरक्षा और भलाई को सबसे पहले रखेगी।

## विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप : भारत ने जीते 5 पदक, चंद्रिका को स्वर्ण

**बैंकॉक।** भारत ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में अपना अभियान पांच पदक के साथ खत्म किया, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। युवा ओलंपिक वजन वर्ग में मुकाबला करते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की अगुवाई चंद्रिका पुजारी ने की, जिन्होंने महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद रजत पदक जीते। गुंजन (48 किग्रा) इंग्लैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 5-0 के फैसले से हार गईं जबकि जॉयश्री देवी (54 किग्रा) कड़े मुकाबले के बाद अमेरिका की एक मुक्केबाज से 1-4 से पराजित हो गईं। पुरुषों के 50 किग्रा वजन वर्ग में एल अंबेकर मीतेई को फाइनल में यूक्रेन के मुक्केबाज से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# खासियतों से भरे होर्मुज द्वीप हैं स्वर्ग का टुकड़ा और रेनबो आइलैंड, यहां की मिट्टी खाते हैं लोग



### डिज्नीलैंड की तरह दिखता

दक्षिणी ईरान में बसे होर्मुज द्वीप जिसे रैनबो आईलैंड भी कहा जाता है। गेरू रंग की जलधाराओं, लाल रंग के समुद्र तटों और मनमोहक नमक की गुफाओं वाला यह द्वीप एक डिज्नीलैंड की तरह दिखता है।

**नमक के और रंग भरे पहाड़ बढ़ाते हैं खूबसूरती**

एजेंसी ⏭ तेहरान

अमेरिका इजराइल और ईरान की जंग के चलते चर्चा में आए होर्मुज स्वर्ग का टुकड़ा और रेनबो आइलैंड भी कहा जाता है। इसकी खूबसूरती और खासियतों के कारण ही इसे अलग अलग नाम दिए गए है। यहां की लाल मिट्टी, जिसे स्थानीय रूप से गेलक कहा जाता है, न केवल पेंट और कला के काम आती है, बल्कि इसका उपयोग मसाले के रूप में भी किया जाता है। स्थानीय लोग इसे तौमाशी नामक चटनी या सॉस बनाने और ब्रेड में स्वाद जोड़ने के लिए इस्तेमाल करते हैं। यहां की चट्टानों और मिट्टी में 70 से अधिक विभिन्न रंगों के शेड्स मिलते हैं, जिनमें पीला, सफेद, नीला और नारंगी शामिल हैं। यह सब खनिजों और ज्वालामुखी राख के मिश्रण का परिणाम है। होर्मुज में परिवहन के लिए निजी कारें लगभग न के बराबर हैं। पर्यटक और स्थानीय लोग घूमने के लिए रंगीन टुक-टुक (ऑटो रिक्शा), मोटरबाइक या साइकिल का उपयोग करते हैं। द्वीप पर एक विशाल नमक का गुंबद है। यहां साल्ट गॉडेस नामक एक गुफा है जिसकी दीवारें और छत पूरी तरह से चमकते हुए नमक के क्रिस्टल से बनी हैं।

### आंसुओं की बूंद का आकार



रूबी-लाल पहाड़ वाला यह आइलैंड आंसुओं के बूंद के आकार का यह आइलैंड नमक का गुंबद है, जो शेल, मिट्टी और लौह युक्त ज्वालामुखीय चट्टानों की परतों से बना है। दूर से यह लाल, पीले और नारंगी रंग में चमकता नजर आता है।

### बेहद खास है मजारा



मजारा (जिसका फारसी में अर्थ साहसिक कार्य है) एक समुद्रतटीय आवास परिसर है। इसकी विशिष्ट गुंबदनुमा संरचनाएं चमकीले रंगों में रंगी हुई हैं, जो गांव का आभास कराती हैं और द्वीप के समृद्ध और प्राकृतिक रंगों के साथ पूरी तरह से मेल खाती हैं।

### सांस्कृतिक प्रतीक और पहचान



ईरान के कलाकार हर साल नॉरूज (ईरानी नव वर्ष) और पर्सियन गल्फ डे जैसे विशेष अवसरों पर द्वीप के तट पर इन कालीनों को बनाते हैं। ये कारपेट स्थानीय लोककथाओं, कहानियों, महिलाओं के कपड़ों के पैटर्न और समुद्री जीवों (जैसे कछुए) को दर्शाते हैं।

---

### अफवाहों और हकीकत के बीच छिड़ी जंग

**खबरें हैं खबरों का क्या...**

# नेतन्याहू की मौत की खबर तो कहीं मोजतबा की रूस भाग जाने की बात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजराइल,अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग अब अफवाहों की जंग में बदलती नजर आ रही है। हवा हवाई खबरों और हकीकत के बीच चल रहे इस संग्राम में सच क्या है इसका कहीं कोई अता-पता नहीं है। हाल ही में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर तेजी से फैली। अफवाहों के बीच ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने एक बार फिर सख्त धमकी दी है। आईआरजीसी ने कहा है- अगर अपराधी नेतन्याहू अभी भी जिंदा हैं, तो वह उनका पीछा और हत्या जारी रहेगी। हालांकि इन अफवाहों को इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। तुर्की स्थित अनादोलु एजेंसी के सवाल पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने साफ किया कि ये फेक न्यूज हैं और प्रधानमंत्री पूरी तरह ठीक हैं। वहीं अफवाहों के बीच नेतन्याहू ने यरुशलम के एक रेस्टोरेंट में कॉफी पीते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर अफवाहें फैलीं, जिसमें नेतन्याहू के हाथ में अतिरिक्त उंगली दिखाई देने का दावा किया गया। यूजर्स ने इसे एआई जनरेटेड या डीपफेक बताया। यह वीडियो 13 मार्च को नेतन्याहू के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया गया था। इसमें उन्होंने कहा था कि इजराइल ईरान और हिजबुल्लाह को कुचल रहा है और क्षेत्रीय संघर्ष तेज हो रहा है। यह वीडियो ही नेतन्याहू के जिंदा होने का सबसे ताजा सबूत है। इसके अलावा इजराली पीएम नेतन्याहू के बेटे बेटे यायर नेतन्याह के बारे में भी अफवाहें उड़ी की वो लापता हो गए है। इसको लेकर भी सफाई दी गई है।

**अफवाह के बीच यरुशलम में कॉफी पीते दिखे बेंजामिन**

**नेतन्याहू के बेटे की लापता होने की उड़ी खबर वायरल हुई**

प्रधानमंत्री कार्यालय ने साफ किया कि ये फेक न्यूज है

*ईरानी सुप्रीम मॉस्को में पहुंचे वहां करा रहे इलाज*



### वायरलः खामेनेई को उठा ले गया रूस



इसी बीच एक और खबर चली चली ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को रूस उठा ले गया। वहां उनका इलाज चल रहा है और एक पैर भी उन्होंने खो दिया है। इजराइली हमले में उनके गंभीर रूप से घायल होने की खबर आई थी लेकिन पुष्टि नहीं हुई थी। जिस मोजतबा खामनेई पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इनाम रखे बैठे हैं, वो इस वक्त रूस में है। कतर के एक अरेबिक अखबार अल जरीदा रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा को स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से एक बेहद गुप्त अभियान में रूस ले जाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें रूसी सैन्य विमान से मॉस्को पहुंचाया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ये काम गुरुवार को ही हो गया था और मोजतबा खामेनेई को क्रेमलिन में रखा गया है। बमबारी और हवाई हमलों के बीच रूसी मिलिट्री प्लेन उन्हें ले गए और सुरक्षित मॉस्को पहुंचा दिया। रूस का ये कदम सीधे-सीधे इस युद्ध में उसे पार्टी बनाने वाला है।

### लॉस एंजिल्स पर ईरानी ड्रोन हमले की आशंका

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका में आयोजित होने जा रहे ऑस्कर समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार संभावित खतरे की चेतावनी के बाद आयोजकों ने अतिरिक्त एहतियाती कदम उठाए हैं। अंतरराष्ट्रीय मनोरंजन पत्रिका 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी जांच एजेंसी 'फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन' (एफबीआई) के एक कथित मेमो में लॉस एंजिलिस प्रशासन को चेतावनी दी गई कि ईरान की ओर से ड्रोन के जरिए कैलिफोर्निया में किसी लक्ष्य पर अचानक हमला किए जाने की आशंका हो सकती है। हालांकि संभावित लक्ष्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

### दुबई-अबू धाबी की कई उड़ानें रद्द

*एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और इंडिगो ने दुबई और अबू धाबी जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं। यह फैसला ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष और हवाई क्षेत्र पर लगी पाबंदियों की वजह से लिया गया है। एयर इंडिया समूह ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एयरपोर्ट अधिकारियों ने नए निर्देश जारी किए हैं। इस कारण 15 मार्च की उड़ानों में कटौती करनी पड़ी है। एयर इंडिया ने दिल्ली से दुबई के बीच सिर्फ एक वापसी उड़ान चलाने का फैसला किया है। दुबई के लिए पांच उड़ानों में से चार को रद्द कर दिया गया है।*

### नॉर्थ कोरिया ने किया रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम का परीक्षण

*नॉर्थ कोरिया ने परमाणु क्षमता वाले रॉकेट लॉन्चर का परीक्षण किया है। सरकारी मीडिया के अनुसार यह परीक्षण शनिवार को किया गया और इसकी निगरानी खुद देश के नेता किम जोंग उन ने की। रिपोर्ट के मुताबिक यह परीक्षण मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का था। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि इस अभ्यास में 600 मिमी के अल्ट्रा-प्रिसिजन रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल किया गया। इस ड्रिल में कई रॉकेट लॉन्चर और दो तोपखाना यूनिट शामिल थीं। बताया गया कि इन रॉकेटों ने पूर्वी सागर में मौजूद एक द्वीप को निशाना बनाया, जो लगभग 360 किमी दूर था। इस हथियार की मारक दूरी करीब 420 किलोमीटर बताई गई है।*

### यूएई में फेक न्यूज फैलाने का आरोप में 19 भारतीय गिरफ्तार

*इजराइल-ईरान जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। इनमें 19 भारतीय शामिल हैं। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है। यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्स ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई, ताकि झूठी खबरों से फैलने वाली अफवाह और अशांति को रोका जा सके।*

### नेपाल में भीषण बस हादसा, 7 भारतीयों की दर्दनाक हुई मौत

एजेंसी/काठमांडु। नेपाल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। हादसा गोरखा जिला में शनिवार को उस समय हुआ जब मनकामना मंदिर के दर्शन कर लौट रही एक माइक्रो बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।

जानकारी के मुताबिक, बस में चालक और सह-चालक समेत कुल 16 लोग सवार थे। पुलिस निरीक्षक राजन लम्साल के अनुसार, हादसे में मौके पर ही पांच महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई। सभी मृतक दक्षिण भारतीय नागरिक बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान मुतु कुमार, अनामलिक, मिनाक्षी, शिवगामी, विजयाल, मीणा और तमिलारेशी के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। हादसे में घायल हुए सात अन्य भारतीय श्रद्धालुओं को रेस्क्यू कर इलाज के लिए पुराना भरतपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में सोरनम (62), मंगदा जलम, सुभद्रा, मायला, सरोजा, भाग्यलक्ष्मी और मीनाक्षी शामिल हैं।

### ईरानी विदेश मंत्री अराघची का बड़ा ऐलान

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज सबके लिए खुला यूएस-इजराइल व दोस्तों के लिए बंद

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को ईरान ने 4 मार्च को बंद किया था**

**80 फीसदी बल्क कैरियर होर्मुज जलडमरूमध्य में**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से पूरी दुनिया में तेल संकट पैदा हो गया है। ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा के पास इस संकरे इलाके से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस पास होता है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान की ओर से बड़ा ऐलान किया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बार अराघची ने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान के खार्ग आइलैंड तेल केंद्र पर किए गए हवाई हमलों के बावजूद होर्मुज सभी देशों के लिए खुला है।

हालांकि, यह सिर्फ उन टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है जो हमारे दुश्मनों अमेरिका और इजराइल या उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। बाकी सभी जहाज यहां से गुजर सकते हैं।

### भारत पहुंचेंगे दो शिपमेंट

*हालांकि, भारत के लिए राहत की बात है कि 4 मार्च के बाद से अब तक एक जहाज मुंबई में आ चुका है, बाकी दो जहाज अगले 1-2 दिन में आ सकते हैं। आईएनएस शिवालिक और नंदा देवी गैस और एलपीजी लेकर आ रहे हैं। भारत में ईरान के राजदूत ने कहा कि भारत हमारा मित्र है, ऐसे में उसके जहाज यहां से गुजर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे दोनों देशों की पुरानी दोस्ती और साझा हित हैं।*




### 11 हार्डकोर माओवादियों ने किया सरेंडर



**संबलपुर।** ओडिशा में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ जारी अभियान को, बड़ी कामयाबी मिली, जब डिवीजनल कमेटी मेंबर नकुल समेत 11 हार्डकोर माओवादियों ने कालाहांडी जिला में पुलिस और सुरक्षा बलों के सामने अपने हथियार डाल दिए। एक विशेष कार्यक्रम में डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया, एडीजी संजीव पंडा, दक्षिण-पश्चिमांचल आईजी डॉ. कंवर विशाल सिंह, स्पेशल इंटलीजेंस विंग के डीआईजी अखिलेश्वर सिंह, कालाहांडी जिला एसपी नागराज देवरकोंडा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में इन माओवादियों ने मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया।

### एम्स में इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू

# हरीश के दो लाइफ सपोर्ट के प्रमुख पाइप हटाए गए

**मां रो रही- उसे डांटती थी तो छिप जाता था, फिर गले लग जाता था**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया के तहत एम्स में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को धीरे-धीरे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एम्स के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की पैलिएटिव केयर यूनिट में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट से जुड़े दो प्रमुख पाइप हटा दिए गए हैं। डॉक्टरों की निगरानी में यह प्रक्रिया बेहद सावधानी के साथ चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। यह पूरी प्रक्रिया मेडिकल प्रोटोकॉल और कानूनी दिशा-निर्देशों के तहत ही आगे बढ़ाई जा रही है। डॉक्टरों का मानना है कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु की यह प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सख्त शर्तों के साथ इस प्रक्रिया को कानूनी मंजूरी दी हुई है। हरीश की मां लगातार रो रही है। उन्होंने बताया कि मैं डाटती थी तो वह छिप जाता था। फिर आकर गले लग जाता था।

### यूएनएससी के महासचिव ने उठाए सवाल

# सुरक्षा परिषद आज भी 1945 के समय में फंसी है, निकलना भी नहीं चाह रही

एजेंसी ⏭ बेरूत

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा



कि हमें यह मानना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक बड़ी समस्या है। उनके अनुसार, आज की सुरक्षा परिषद दुनिया के मौजूदा हालात को नहीं दर्शाती। यह आज भी 1945 के समय की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही है जब इसे बनाया गया था। बेरूत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थायी सदस्य हैं। इनमें से तीन देश यूरोप से हैं, एक एशिया से है और एक अमेरिका है। हैरानी की बात यह है कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे बड़े क्षेत्रों का कोई भी देश इसका स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एशिया की आबादी और दौलत दुनिया में बहुत ज्यादा है।

### भारत कर रहा स्थायी सदस्यता की मांग

*भारत पिछले कई दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में बनी यह व्यवस्था 21वीं सदी की जमीनी हकीकत और राजनीति से मेल नहीं खाती। भारत ने कई बार जोर दिया है कि वह सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का पूरा हकदार है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28